तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 199 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 20 अप्रैल 2024 डाक 21 अप्रैल 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

विविधा

लोकसभा चुनाव के लिए अमरोहा के गजरौला में एक जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

देश-विदेश

अरविंद केजरीवाल को जान से मारने की साजिश, इसमें एलजी सक्सेना भी शामिल, मंत्री आतिशी का गंभीर आरोप

फीचर पेज

तरबूज खा रहे हैं तो इसके बाद न करें ऐसी गलती

मनीष सिसोदिया की जमानत पर फैसला सुरक्षित, सीबीआई ने बताया घोटाले का मास्टरमाइंड, कहा- बेल दी तो हल हो जाएगा इनका मकसद

नईदिल्ली, 20 अप्रैल [एजेंसी]।

आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने अपनी अंतरिम जमानत याचिका कोर्ट से वापस ली। सिसोदिया ने लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मांगी थी। राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने मनीष सिसोदिया की नियमित जमानत याचिका पर फैसला 30 अप्रैल के लिए सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान सिसोदिया की ओर से उपस्थित वकील विवेक जैन ने अदालत को बताया कि सिसोदिया की नियमित जमानत याचिका पर कोर्ट आज अपना फैसला सुरक्षित रख लेगा, ऐसे में सिसोदिया की अंतरिम जमानत याचिका निष्प्रभावी हो जाएगी। कोर्ट ने कहा कि विवेक जैन की इस दलील के मद्देनजर कि सिसोदिया की अंतरिम जमानत निष्प्रभावी हो गई है, इसका निपटारा किया जा सकता है, इसके बाद सिसोदिया ने अपनी अंतरिम जमानत वापस ली। सीबीआई के अधिवक्ता ने सिसोदिया की नियमित जमानत पर दलील दी। उन्होंने जमानत के लिए ट्रिपल टेस्ट का हवाला देते हुए कहा कि सिसोदिया जमानत देने की शर्तों को पूरा नहीं करते हैं। वो बराबरी के हकदार नहीं है। इस मामले में मुख्य आरोपित है। आरोपों से पता चलता है कि प्रथम दृष्टया मामला सुबूतों को नष्ट करने के साथ-साथ सत्ता के दुरुपयोग का भी बनता है, जिससे जांच में बाधा आ सकती है। जांच अभी शुरुआती चरण में है। इनके अधिकतर लोग आर्थिक अपराधों का सामना करें। रहे हैं। इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने एक बार कहा था कि भ्रष्टाचार समाज के लिए कैंसर है।

सिसोदिया जमानत मिलने से आगे की जांच और गवाहों को प्रभावित कर सकते है। इस समय पर अगर जमानत दी तो निश्चित रूप से इनका मकसद हल हो जाएगा। पहले भी जमानत खारिज हुई है। यहां से लेकर हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक ने राहत नहीं दी। जमानत मिलने पर वो गवाहों को प्रभावित करेंगे क्योंकि इस कोर्ट ने भी माना है कि वो मास्टरमाइंड है। सिसोदिया की ओर से पेश अधिवक्ता विवेक जैन ने सिसोदिया के ईडी और सीबीआई दोनों मामलों में प्रत्युत्तर (रिजाइंडर) प्रस्तुतीकरण का लिखित दस्तावेज जमा किया। जैन ने कहा कि ईडी ने मोबाइल फोन को नष्ट करने को लेकर जो दलील दी है, सुप्रीम कोर्ट ने उसके साथ मनी लॉन्ड्रिंग अपराध पर भी विचार किया है। जैन ने अनुरोध किया कि याचिका पर जल्द से जल्द निर्णय लिया जाए।

मैनपुरी में भीषण सड़क हादसा

ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में मारी टक्कर, चार महिलाओं की मौत, 24 लोग घायल

मैनपुरी, 20 अप्रैल [एजेंसी]।

मैनपुरी के भोगांव में शनिवार सुबह भीषण सड़क हादसे में चार महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 24 लोगों के घायल होने की सूचना है। बताया गया है कि ट्रक ने सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। ट्रॉली में महिलाएं और पुरुष सवार थे जो नामकरण संस्कार से शामिल होकर लौट रहे थे। रास्ते में ये हादसा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है। कन्नौज के थाना छिबरामऊ क्षेत्र में स्थित गांव कुंवरपुर निवासी वीरेंद्र सिंह की पुत्री की थाना बिछवां के गांव बेलधारा में शादी हुई है। उनकी पुत्री ने 10 दिन पहले पुत्र को जन्म दिया था। कल उसका नामकरण संस्कार था। वीरेंद्र सिंह अपने परिवारीजनों के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली से गांव बेलधारा गए थे। शनिवार सुबह करीब साढ़े चार बजे सभी लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठकर वापस घर लौट रहे थे। भोगांव क्षेत्र में द्वारकापुर के पास ट्रैक्टर की लाइट खराब हो गई। चालक ने ट्रैक्टर को सड़क किनारे खड़ा कर दिया और लाइट की मरम्मत करने लगा। तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने ट्रॉली में टक्कर मार दी, जिससे ट्रॉली पलट गई। ट्रॉली में बैठी फूलमती पत्नी अवधेश, रमाकांति पत्नी दफेदार, संजय देवी पत्नी राजेश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 25 लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां द्रोपदी देवी पत्नी विशुन दयाल ने भी दम तोड़ दिया। सभी मृतक और घायल गांव कुंवरपुर छिबरामऊ के निवासी हैं।

बिरयानी सेंटर के जेंपियों पर होगी सख्त कार्रवाई, गृहमंत्री विजय शर्मा ने मृतक के परिजनों को दिया आश्वासन

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र के अशोका बिरयानी में 2 कर्मचारियों की मौत का मामला 37 घंटे बाद सुलझ गया। होटल में लाश के साथ प्रदर्शन कर रहे मृतकों के परिजनों के बीच आधी रात को गृहमंत्री विजय शर्मा पहुंचे। उन्होंने परिजनों को होटल मालिक समेत प्रबंधन पर सख्त से सख्त कार्यवाई का आश्वासन दिया। पुलिस ने अशोका बिरयानी के मालिक समेत चार लोगों पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। इसके अलावा प्रदर्शन खत्म करने की शर्तों के मुताबिक, अशोका बिरयानी प्रबंधन दोनों कर्मचारियों के परिजनों को 15-15 लाख रुपये मुआवजा समेत आजीवन 15-15 हजार रुपए महीने गुजारा भत्ता भी देगा। जिसके बाद परिजन शनिवार सुबह साढ़े 4 बजे के करीब लाश को लेकर अंतिम संस्कार के लिए अपने पैतृक गांव रवाना हो गए। रायपुर के तेलीबांधा स्थित अशोका बिरयानी सेंटर प्रबंधन पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया। जिसमें पुलिस ने के. के. तिवारी एमडी, सनाया तिवारी सीईओ और तरुरोहित चंद्र समेत रोमिना मंडल ब्रांच मैनेजर पर हुआ है। गैर इरादतन हत्या की धारा 304 के तहत मामला दर्ज किया गया।

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क का भारत यात्रा स्थगित

नईदिल्ली 20 अप्रैल। टेस्ला और एक्स जैसी कंपनियों के मालिक एलन मस्क के भारत दौरे का सभी को बेसब्री से इंतजार था, लेकिन मस्क के दौरे में देरी हो रही है। उनका भारत दौरा फिलहाल स्थगित हो गया है। उन्होंने एक्स पर बताया कि टेस्ला के कामकाज की जिम्मेदारियों की वजह से उनकी भारत यात्रा में देरी हो रही है। लेकिन वह इस साल के आखिर तक यहां आने के लिए वह बहुत ही उत्सुक हैं।

ब्लूमगबर्ग के मुताबिक, इससे पहले खबर थी कि मस्क अगले हफ्ते भारत दौरे पर आ रहे हैं और पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। मस्क के पोस्ट से साफ हो गया है कि फिलहाल वह भारत नहीं आएंगे। टेस्ला इंक ने हाल ही में बड़े स्तर पर कर्मचारियों की छंटनी की है। छंटनी के इस दौर के बाद उनका भारत दौरा काफी अहम माना जा रहा था। वहीं देश में लोकसभा चुनाव के बीच चल रही रैलियों की वजह से पीएम मोदी भी काफी व्यस्त हैं।

सड़क हादसा, शादी में पसरा मातम दूल्हे के भाई सहित 3 लोगों की दर्दनाक मौत

जमुई, 20 अप्रैल [एजेंसी]।

सिकंदरा मुख्य मार्ग पर नर्मदा गांव के पास कल देर रात बारात जाने के दौरान तेज रफ्तार बांस लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार दूल्हे के भाई सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि बाइक ट्रैक्टर में ही कुचला कर फंस गई। दर्दनाक घटना के बाद लोग आक्रोशित हो गए और शव के साथ सड़क को जाम कर दिया। जाम के दौरान परिजन व ग्रामीणों ने जमकर आक्रोश जताया और पांच घंटे तक बवाल काटते रहे। जाम की वजह से सड़क के दोनों तरफ छोटी बड़ी वाहनों की लंबी कतार लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस को भी पांच घंटे तक लोगों को समझाना पड़ा।

कड़ी मशक्कत के बाद शनिवार की अहले सुबह 4.30 बजे शव को उठाया गया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया। साथ ही ट्रैक्टर को भी जब्त किया गया है। मृतकों की पहचान टाउन थाना क्षेत्र के आमीन गांव निवासी सुरेश चौधरी के पुत्र नीरज कुमार, सिकंदरा थाना क्षेत्र के जलय गांव निवासी उमेश चौधरी के पुत्र सुरेंद्र कुमार और रूपेश कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मृतक नीरज कुमार के बड़े भाई सूरज कुमार की शादी थी। जिसको लेकर बारात आमीन गांव से हरला जा रही थी।

ओडिशा, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल सहित इन राज्यों में चलेंगे लू के थपेड़े

इंदौर, 20 अप्रैल [एजेंसी]।

मौसम विभाग ने आगामी कुछ दिनों में भीषण गर्मी की संभावना जताई है। आईएमडी के मुताबिक, आने वाले 7 दिनों में ओडिशा, तेलंगाना, गंगीय पश्चिम बंगाल, कोंकण, कच्छ, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम के कुछ हिस्सों में हीटवेव की स्थिति निर्मित हो सकती है। इस बीच पूर्वोत्तर भारत में कुछ क्षेत्रों में बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने 22 अप्रैल तक तेज आंधी व हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने कहा है कि उत्तर-पश्चिम भारत में भी इसी तरह का पैटर्न उभरता है, जहां आज गरज, बिजली और तेज हवाओं के साथ बारिश होने का अनुमान है। यहां 22-23 अप्रैल के बाद फिर से बारिश होने की संभावना है। आईएमडी के मुताबिक, 23 से 27 अप्रैल के बीच में गंगीय पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल और रायलसीमा में गर्म और आर्द्र स्थिति निर्मित होगी। तटीय कर्नाटक , केरल और महाराष्ट्र में 23-24 अप्रैल तक ऐसी स्थितियों की उम्मीद कर सकते हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसमी औसत से 3 डिग्री अधिक है। राष्ट्रीय राजधानी में इस गर्मी में अब तक का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया है। शनिवार को दिल्ली में तेज सतही हवाओं के साथ आंशिक रूप से बादल छाए रहने की भविष्यवाणी की है। मौसम विभाग ने आने वाले 5 से 6 दिनों तक तेलंगाना के कुछ हिस्सों में लू चलने की भविष्यवाणी की है। शनिवार को कुछ क्षेत्रों में बिजली गिरने और 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं के साथ गरज के साथ बारिश होने की भी भविष्यवाणी की गई है।

संगरूर जेल में धारदार हथियार से हमला खूनी झड़प में दो कैदियों की मौत, 2 घायल

संगरूर। पंजाब की संगरूर जिला जेल में शुक्रवार देर शाम कैदियों में हवालातियों में खूनी झड़प हो गई। इसमें दो कैदियों की मौत हो गई, वहीं दो गंभीर घायल हो गए। जेल में रंजिश के कारण कैदी भिड़ गए। इसमें मोहम्मद हरीश हर्ष, मोहम्मद शहबाज, गांव कलियाण निवासी धरमिंदर सिंह व गगनदीप सिंह गंभीर घायल हो गए। चारों को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने हरीश व धरमिंदर को मृत घोषित कर दिया। शहबाज व गगनदीप को गंभीर हालत में पटियाला रेफर किया है। डॉ. कर्मदीप सिंह काहल ने बताया कि शाम साढ़े सात बजे जेल से चार लोगों को अस्पताल लाया गया था, जिनमें दो की पहले ही मौत हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि सभी के शरीर पर तेजधार व नुकीली चीज से मारे जाने के कई निशान थे। झगड़ा का कारण पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पाकिस्तान को बैलिस्टिक मिसाइल बनाने में मदद करने का आरोप, अमेरिका ने इन चार कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

वाशिंगटन, 20 अप्रैल [एजेंसी]।

अमेरिका ने चीन की तीन और बेलारूस की एक कंपनी पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन कंपनियों पर यह प्रतिबंध पाकिस्तान को बैलिस्टिक मिसाइल के पुर्जे मुहैया कराने के लिए लगाया गया है। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने यह जानकारी दी। अमेरिका ने चीन की जिन तीन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है, उनमें लॉन्गडे टेक्नोलॉजी डेवलेपमेंट की शी, तियानजिन क्रिएटिव सोर्स इंटरनेशनल ट्रेड और ग्रानपेक्ट कंपनी लिमिटेड का नाम शामिल है। वहीं बेलारूस की मिंस्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट कंपनी पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। इन चारों कंपनियों पर पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम में मदद करने का आरोप है। मैथ्यू मिलर ने कहा कि ये कंपनियां भारी तबाही वाले हथियारों के प्रसार में शामिल पाई गई हैं। जिसके चलते इनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। अमेरिका के विदेश विभाग ने बताया कि बेलारूस की कंपनी मिंस्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट कंपनी पाकिस्तान के लंबी दूरी के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम के लिए विशेष व्हीकल चेसिस मुहैया कर रही थी। ये चेसिस बैलिस्टिक मिसाइल में लॉन्च सपोर्ट में इस्तेमाल होता है।

पीलिया का खतरा, जिले में मिले कई मरीज

कोरबा, 20 अप्रैल [एजेंसी]।

जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में बीते लगभग एक महीने से पीलिया का प्रकोप चल रहा है। निजी हो या सरकारी सभी अस्पतालों में इन दिनों पीलिया के मरीजों का इजाफा हुआ है। इसके लिए जिला स्वास्थ्य विभाग अब जाकर हरकत में आया है और स्वास्थ्य विभाग की मितानिनों के द्वारा वार्डों में जाकर लोगों को उबले हुए पानी का सेवन करने, बाजार में खुले खाद्य और पेय पदार्थ का सेवन करने से बचने की समझाइस दी जा रही है।

जानकारों की माने तो पीलिया एक जलजनित बीमारी है। जो दूषित पानी के सेवन से होता है। यह बीमारी गर्मी और बरसात के मौसम की शुरुआत में अक्सर होती है। इससे बचाव के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुरेश तिवारी ने पानी को बीस मिनट तक उबालकर पीने की बात कही है। वहीं मनेन्द्रगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर विकास पोद्दार की माने तो वर्तमान स्थिति में प्रतिदिन मरीजों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने पीड़ितों को झाड़-फूंक से बचने की सलाह दी है। खासकर बुजुर्ग मरीजों को सावधानी बरतते हुए लक्षण आने के बाद अस्पताल में भर्ती कराने की बात कही हैं।

टाटा नेक्सॉन कार जलकर खाक, टायर फटने से रायपुर-भिलाई रोड में हुआ बड़ा हादसा

दुर्ग, 20 अप्रैल [एजेंसी]।

रायपुर एयरपोर्ट से भिलाई लौट रही एक टाटा नेक्सॉन कार भिलाई के क्रॉस ओवर ब्रिज में आग के गोले में तब्दील हो गई। कार में आग टायर फटने से लगी। आग बुझाने का कोई साधन नहीं होने कार सवार वहां से भाग खड़े हुए। जब तक फायर ब्रिगेड पहुंचती कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा दुर्ग के कमांडेंट नागेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें शाम 7.20 सूचना मिली की पावर हाउस में बने फ्लाई ओवर ब्रिज में एक कार में आग लग गई है। उन्होंने बिना देरी किए एक दमकल वाहन को टीम के साथ भेजा। दमकल जबतक मौके पर पहुंचा आग पूरे कार में लग चुकी थी। चूंकी कार पेट्रोल थी, इसलिए उसमें ब्लास्ट होने का भी खतरा था। दमकल कर्मियों ने बड़ी ही सावधानी के साथ एक गाड़ी पानी की मदद से आग पर क़ाबू पाया।

हापुड़ में साड़ी की दुकान में लगी भीषण आग, व्यापारियों में मची अफरा-तफरी

हापुड़ 20 अप्रैल। हापुड़ कोतवाली क्षेत्र के अतपुरा चौपला स्थित साड़ी सेंटर की दुकान में शनिवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग लगते ही स्थानीय व्यापारियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना के बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई है। अभी आग बुझाने के प्रयास किया जा रहे हैं। इसके बाद ही आग के कारण हुए नुकसान का पता चल सकेगा।

कांग्रेस को बड़ा झटका, प्रियंका गांधी के करीबी नेता ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। एआईसीसी के हिमाचल प्रदेश प्रभारी सचिव और प्रियंका गांधी के करीबी तजिंदर सिंह बिट्टू ने कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना हम सबका दायित्व:प्रेक्षक प्रेमसिंह मीणा

प्रेक्षक एवं कलेक्टर की उपस्थिति में नोडल अधिकारियों की बैठक आयोजित

कोरबा । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोरबा जिले के विधानसभाओं के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री प्रेमसिंह मीणा (आईएएस) प्रेक्षक श्री कैलाश सुखदेव पगारे (आईएएस) तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन कोरबा जिला अंतर्गत नोडल अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे तथा अन्य नोडल अधिकारियों ने लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान संपन्न कराने की जा रही तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रेक्षक श्री मीणा ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी रहकर 21ति पूर्ण चुनाव संपन्न कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रेक्षकों ने कोरबा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों में महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा मतदान कराने की भागीदारी को बेहतर पहल बताते हुए सभी अधिकारियों को आपस समन्वय स्थापित कर निर्वाचन संपन्न कराने की बात कही।नोडल अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वसंत ने कोरबा लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत विधानसभावार की जा रही तैयारी, प्रशिक्षण, मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी तथा विगत चुनाव की स्थिति सहित अन्य जानकारी दी।उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कोरबा जिला एवं कोरबा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विधानसभा में मतदान केंद्रों, मतदाताओं, अतिरिक्त मतदान केंद्रों तथा मतदान केंद्रों में आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने संवेदनशील मतदान केंद्र, वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को होम वोटिंग, मतदान केंद्रों में पीडब्ल्यूडी वोटर हेतु व्हील चेयर तथा रैम्प की उपलब्धता एवं आवश्यक सहयोग हेतु स्काउट गाइड के संबंध में तथा निर्वाचन में संलग्न अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। इसी तरह नोडल अधिकारी श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई ने मतदान केंद्रों में किए जाने वाले वेबकास्टिंग, फर्नीचर सामग्री व्यवस्था, सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा ने मानव संसाधन, प्रशिक्षण, स्वीप गतिविधि अंतर्गत मतदाता जागरूकता, संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज कुमार बंजारे निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, डिप्टी कलेक्टर श्री तुलाराम भारद्वाज ने ईवीएम व्यवस्था, श्री विकास चौधरी ने आदर्श आचरण संहिता अंतर्गत की जा रही कार्यवाही, श्री गौतम सिंह ने ईडीसी-डाक मतपत्र, श्री जी आर जांगड़े ने लोक निर्माण विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, श्री अमित झा ने सेक्टर अनुसार रूट चार्ट, सीएसपी श्री रवींद्र मीणा ने सुरक्षा बल उपलब्धता तथा नोडल अधिकारी मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मीडिया कमेटी ने श्री कमलज्योति ने एमसीएमसी टीम द्वारा प्रतिदिन सोशल मीडिया, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अंतर्गत पेड न्यूज पर की जा रही निगरानी के संबंध में जानकारी दी।

प्रायोजित और संदिग्ध खबरों पर निगरानी कर रही एमसीएमसी

कोरबा । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा कोरबा क्षेत्र अंतर्गत जिले के चारों विधानसभा के लिए नियुक्त प्रेक्षक श्री प्रेम सिंह मीणा (आईएएस) ने आज कोरबा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत निर्वाचन संबंधी शिकायतों हेतु बनाए गए कंट्रोल रूम तथा मीडिया अनुप्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति तथा व्यय निगरानी कक्ष का आकस्मिक अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत, निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा पात्रे उपस्थित थी।

प्रेक्षक आई.ए.एस. श्री मीणा ने वाणिज्य कर कार्यालय में विधानसभा निर्वाचन हेतु बनाये गये मीडिया अनुप्रमाणन और मीडिया अनुवीक्षण इकाई(एमसीएमसी), वीडियो अवलोकन कक्ष, सी-वीजिल- कंट्रोल रूम, का अवलोकन किया। नोडल अधिकारी श्री विकास चौधरी, श्री आर. पी. महादेवा ने नियंत्रण कक्ष तथा निर्वाचन व्यय मॉनिटरिंग हेतु टीम द्वारा की जा रही कार्यवाही की जानकारी दी। उन्होंने नोडल अधिकारी श्री कमलज्योति जाहिरे को निर्देशित किया कि एमसीएमसी इकाई की टीम प्रतिदिन के अखबारों, टीवी चैनलों, सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा की जा रही प्रचार संबंधी सामाग्रियों को चिन्हित कर पेड न्यूज के प्रकरण हेतु प्रेषित किया जाए। उन्होंने निर्वाचन के दौरान भ्रामक खबरों तथा विज्ञापनों पर भी नजर रखने के निर्देश दिए। प्रेक्षक ने मीडिया सेंटर, एमसीएमसी कक्ष, वीडियो अवलोकन कक्ष, सी-वीजिल- कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारियों से उनके कार्यों के संबंध में बारीकी से जानकारी ली और निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी-कर्मचारी को दी गई जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन सुनिश्चित करेंगे।

निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

कोरबा । लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय कोरबा में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी होंगे तथा यह कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा श्री अजीत वसंत द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम के 24 घंटे संचालन के लिए अधिकारी, कर्मचारियों की तैनाती की गई है। उक्त कंट्रोल रूम में स्थापित दूरभाष का क्रमांक 07759-221096 है। यहां सी-विजिल ऐप, एनजीपीएस, सीपीएस, ऑफलाइन और टेलीफोन के माध्यम से शिकायत की जा सकती है।

तानाखार में मतदाताओं को वोट के लिए जागरूक करने सीईओ ने किया कार्यक्रम

कोरबा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री संबित मिश्रा सीईओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन के मतदान हेतु विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम पंचायत तानाखार में विद्यार्थियों व ग्रामीण महिला-पुरूषों के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, मतदान हेतु शपथ ग्रहण तथा सुआ नृत्य के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संदेश दिया।जनपद पंचायत पाली के ग्राम पंचायत शिवपुर में ग्रामीण महिला-पुरूषों द्वारा मतदान करने के लिए सामूहिक शपथ ली गई। इसके साथ ही गांव में जागरूकता रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया। इसी प्रकार स्यांहीमुड़ी के शासकीय हाईस्कूल में छात्राओं के द्वारा नुक्कड़ नाटक करके करके शत-प्रतिशत मतदान करने तथा लोकतंत्र को मजबूत करने का संदेश दिया गया।

एग्जिट पोल और प्रसारण पर 01 जून तक जिले में रहेगी रोक

कोरबा । भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 01 जून 2024 तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में ग उल्लेखित है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत 19 अप्रैल 2024 को प्रात: 7 बजे से 1 जून 2024 की शाम 06:30 बजे तक की अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

मीडिया सेंटर में निर्वाचन संबंधी जानकारी की जा सकती है प्राप्त

कोरबा। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मीडिया अनुप्रमाणन एवं मीडिया अनुवीक्षण समिति गठित की गई है। निर्वाचन काल में विज्ञापन की अनुमति के संबंध में आवश्यक जानकारी के लिए वाणिज्य कर कार्यालय (जीएसटी भवन) कक्ष क्रमांक 06 व 20 में सुरेश कंवर मोबाइल नंबर 9131558605 में संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह जिले के मीडिया प्रतिनिधि निर्वाचन संबंधी जानकारी के लिए मीडिया सेंटर में सुश्री उष्मा घोष मोबाइल नंबर 9810493820, प्रखर सिंह मोबाइल नंबर 9111147484 के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

निर्वाचन को लेकर गड़बड़ी की शिकायत लोग कर सकते हैं प्रेक्षक से

कोरबा। लोकसभा निर्वाचन 2024 कोरबा लोकसभा अंतर्गत जिले के सभी चारों विधानसभा (रामपुर, कटघोरा, पाली-तानाखार, कोरबा) हेतु सामान्य प्रेक्षक श्री प्रेमसिंह मीणा (आईएएस)से आमनागरिक सुबह 9 बजे से 10 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस कक्ष क्रमांक-1 में मुलाकात कर सकते हैं। इसी तरह उनके मोबाइल नम्बर 7647045883 में सम्पर्क कर निर्वाचन संबंधी शिकायत की जा सकती है।

इसी तरह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कोरबा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के दो विधानसभा (भरतपुर-सोनहत, मनेन्द्रगढ़), जिला कोरिया के 01 विधानसभा (बैकुण्ठपुर) एवं जिला गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही के 01 विधानसभा (मरवाही) हेतु सामान्य प्रेक्षक श्री कैलाश सुखदेव पगारे (आईएएस) को नियुक्त किया गया है। उक्त विधानसभा के संबंधित निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए आम नागरिक एनटीपीसी स्थित कावेरी गेस्ट हाउस में सुबह 09 से 10 बजे तक कक्ष क्रमांक 01 में मुलाकात कर सकते हैं। इसके साथ ही इनके मोबाइल नंबर 7647046318 में संपर्क कर निर्वाचन संबंधी शिकायत कर सकते हैं।

जीरो एरर के साथ मतदान दल को वितरित हो पोलिंग किट

कोरबा । लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान दलों को पोलिंग किट का वितरण समय पर सुनिश्चित करने आज कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर प्रेक्षक द्वय श्री प्रेम सिंह मीणा (आईएएस), श्री कैलाश सुखदेव पगारे, कलेक्टर श्री अजीत वसंत, नोडल अधिकारी श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा, सहायक नोडल अधिकारी श्री विकास चौधरी की उपस्थिति में पोलिंग किट तैयार करने वाले कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि किट में निर्धारित सामग्री उपलब्ध हो,ताकि जीरो एरर के साथ मतदान दल रवाना हो सके और मतदान हो। प्रशिक्षण में बताया गया कि सीईओ कार्यालय से प्राप्त पोलिंग किट में किसी प्रकार की सामग्री की कमी तो नहीं है। कर्मचारियों को सभी सामग्री का मिलान करने के निर्देश दिए गए। इस संबंध में अंतिम जाँच 4 मई को करने के निर्देश दिए गए।

मुख्यमंत्री की सभा में दीपका पालिकाध्यक्ष ने किया भाजपा प्रवेश

कोरबा । कोरबा जिला प्रवास पर रहे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सभा में कोरबा के कई दिग्गज नेताओं ने भाजपा प्रवेश किया। इनमें नगर पालिका दीपका अध्यक्ष संतोषी दीवान, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव आकाश शर्मा अपने समर्थकों सहित भाजपा प्रवेश कर लिया है। गत दिनों करतला जनपद की अध्यक्ष धनेश्वरी कंवर ने भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा प्रवेश किया था। इस तरह कांग्रेसियों के पार्टी बदलने का क्रम लगातार जारी है।जानकारी के अनुसार कोरबा जिले के पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र स्थित पसान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की चुनावी सभा थी। इस सभा के दौरान कांग्रेस के कई पदाधिकारी सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रवेश किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को भाजपा में शामिल कर कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है। इनमें दीपका नगर पालिका अध्यक्ष संतोषी दीवान, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव आकाश शर्मा, राहुल शर्मा, सौरभ शर्मा सहित कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने सभी लोगों को भगवा गमछा पहनाकर भाजपा प्रवेश कराया। एक दिन पहले ही कोरबा के घंटाघर में आयोजित मुख्यमंत्री की सभा में करतला जनपद की अध्यक्ष धनेश्वरी कंवर ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा प्रवेश किया था।

शराब के नशे में कर्मचारी से मारपीट

कोरबा। शहर के निहारिका क्षेत्र स्थित बिलासा ब्लड बैंक में शुक्रवार देर रात एक कथित भाजपा नेता ने यहां के कर्मचारी के साथ मारपीट को अंजाम दिया। सारी घटना सीसीटीवी कैमरा में कैद हो चुकी है। इस संबंध में पीड़ित कर्मचारी ने सिविल लाइन रामपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज करा दिया है। कर्मचारी लैब टेक्नीशियन भूपेंद्र पटेल ने बताया कि रात करीब 10:30 बजे वह ड्यूटी पर था कि यहां पहुंचे बृजेश यादव ने खुद को भाजपा नेता बताते हुए शराब के नशे में धुत्त होकर गाली गलौज करते हुए हाथ झापड़ से मारपीट किया है।

लैब टेक्नीशियन भूपेंद्र पटेल के के बताए अनुसार ब्लड बैंक में एक व्यक्ति ब्लड लेने के लिए पहुंचा था लेकिन उसे ब्लड देने के एवज में करीब 42 किमी दूर रक्त लेने की आवश्यकता थी। इस कटघोरा-अंबिकापुर हाइवे पर कथित भाजपा नेता के द्वारा शराब के किनारे पोड़ी-उपरोड़ा के नशे में उसका ब्लड लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा था और इससे मना करने पर विवाद करते हुए मारपीट किया है। उक्त बृजेश यादव भाजपा संगठन का पदाधिकारी बताया जा रहा है।

सीएचसी स्थित है, जहां पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों की सूची में रेडियोग्राफर के पद पर सूरजमनी नीलम का नाम है, लेकिन हेल्थ सेंटर में पाया।

बिना उपस्थिति तनख्वाह लेने का महिला कर्मी पर आरोप

कोरबा । पोड़ी उपरोड़ा महिला रेडियोग्राफर के कभी-कभार आने और एक साथ हाजिरी रजिस्टर पर दस्तख्त कर तनख्वाह उठाने का आरोप लगा है। लोगों के मुताबिक हेल्थ सेंटर में उनकी जगह उनका असिस्टेंट वरूण पहुंचकर रेडियोग्राफर के तौर पर काम करते हुए मरीजों का एक्स-रे करता है। लोगों ने सूचना के अधिकार के तहत महिला रेडियोग्राफर के बारे में जानकारी ली तो हाजिरी रजिस्टर में महीनों के सभी दिनों में उनका दस्तख्त बिना उपस्थिति के असिस्टेंट के जरिए एक्स-रे का काम करवाकर सरकारी तनख्वाह लेने का आरोप लगा है। जिला मुख्यालय से महिला को भोजन कराकर उसके गांव दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्र सपलवा पहुंचाया गया। परिजनों ने बताया कि हम लोग मड़ुआ बीनने जंगल पहाड़ी तरफ निकाल गए थे। वापसी घर आने पर सोचे कि किसी रिश्तेदार या परिचित के घर गई होगी या मेरे छोटे भाई के साथ बैंक जाने वाली थी, तो उसी के साथ पाली ग्रामीण बैंक गई होगी और रात होने के कारण भाई के यहीं रूक गई होगी। रात्रि में सकुशल बुजुर्ग महिला को उसके घर छोड़ा और डायल 112 के टीम की सराहना करते हुए परिजनों एवं ग्रामीणों ने आभार जताया।

70 एमटी प्रोडक्शन मंजूर, पर मुआवजा का अटका मामला

कोरबा। एसईसीएल गेवरा खदान को सालाना 70 मिलियन टन कोयला उत्पादन को पर्यावरण मंजूरी मिल चुका है।मगर भूविस्थापितों को माइंस विस्तार की नीति से अधिग्रहित जमीन के बदले जारी मुआवजा राशि नहीं लेने से अधिग्रहण की प्रक्रिया को पूरा करने में देरी हुई है। जानकार बताते हैं कि 70 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य माइंस की विस्तार नीति से आसपास गांवों की जमीन अधिग्रहण पश्चात नए फेस से कोयला खनन शुरू होने पर संभव हो पाएगा। 15 साल पहले अधिग्रहित भूमि का मुआवजा लेने गेवरा खदान से प्रभावित रलिया गांव के प्रभावितों को सूचना जारी किया है। यहां के 70 भूविस्थापितों ने अब तक मुआवजा नहीं लिया है।जबकि साल 2009 में जमीन अधिग्रहण के बाद जरूरी कार्रवाई पूरा कर भू-अर्जन एक्ट के प्रावधानों के तहत मुआवजा राशि तय कर दी गई है। मगर अब तक 70 भूविस्थापितों ने मुआवजा राशि नहीं ली है, इनमें से अधिकांश विवादित प्रकरण भी है, जिसके कारण नियमानुसार अब तक मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया जा सका है। माइंस की विस्तार नीति से साल 2004 व 2009 में दूसरी बार रलिया गांव का अधिग्रहण किया गया। शेष लगभग 1 हजार एकड़ का कुछ हिस्सा अधिग्रहित करने की प्रक्रिया फिर से शुरू करने की तैयारी पर प्रभावित भूविस्थापितों ने एसईसीएल गेवरा एरिया प्रबंधन के आंशिक अधिग्रहण की नीति का विरोध जताया। क्योंकि अब हर खातेदार को नौकरी नहीं मिलती है और आंशिक अधिग्रहण की नीति से कट ऑफ सूची तैयार करने पर अनेक भूविस्थापित रोजगार से छूट जाते हैं। हालांकि रलिया गांव के बचे हिस्से का पूर्ण अधिग्रहण पर सहमति के बाद ही अब धारा 4 का प्रकाशन हो गया है।भिलाईबाजार गांव के पूर्ण अधिग्रहण पर बनी सहमति भिलाईबाजार निवासी गजेन्द्र कौशिक ने बताया कि भूविस्थापितों के विरोध के बाद भिलाईबाजार गांव का पूर्ण अधिग्रहण पर एसईसीएल प्रबंधन के साथ सहमति बन चुकी है। 2100 खातेदारों की जमीन अधिग्रहित की जाएगी। धारा-4 के प्रकाशन के बाद जमीन की खरीदी बिक्री पर रोक लग चुकी है। बता दें कि सालाना 70 मिलियन टन कोयला उत्पादन को मंजूरी मिलने से एरिया प्रबंधन की योजना चालू वित्त वर्ष में ही रलिया, भिलाईबाजार की जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर खनन शुरू करने का रहेगा।

बैंक गई वृद्धा भटकी रास्ता, डायल 112 ने दिया मानवता का परिचय

कोरबा । कोरबा जिलान्तर्गत पाली ब्लाक के अंतर्गत सुदूर पहाड़ी वनांचल क्षेत्र सपलवा की 84 वर्ष की बुजुर्ग महिला फटकिन बाई घर से बिना बताए पाली ग्रामीण बैंक पैसा निकालने आई थी। घर वाले सभी परिजन मड़ुआ बीनने जंगल निकल गए थे। बुजुर्ग महिला ने अपने बैंक खाता लेकर उस क्षेत्र में चल रहे बस में बैठ गई। उस रोड में खाली एक ही बस चलती है। पाली से लगभग 40 किलोमीटर की दूरी में सपलवा ग्राम पंचायत है। जिसके कारण वह वापस नहीं जा पाई और भटक रही थी। 17 तारीख को रामनवमी अवसर पर सभी बैंकों की छुट्टी थी। बैंक बंद होने से दूर से आए बुजुर्ग महिला भूखे प्यासे भीड़ में भटक रही थी। भटकते हुए फारेस्ट कालोनी पाली भीम पटेल के घर के पास पहुंची। भीम पटेल ने डायल 112 को सूचना दिया कि एक बुजुर्ग महिला यहां अकेले बैठी है और उम्र दराज होने के वजह से वह ना सुन पा रही थी ना बोल पा रही थी। डायल 112 आरक्षक पंचू राम सिदार, चालक क्षितिज शर्मा वहां पहुंचे। नाम पता पूछने पर कोई जवाब नही मिला जिस पर बुजुर्ग महिला के पास जो थैला रखा था उसको जांच की गयी, जिसमें उसका आधार कार्ड और ग्रामीण बैंक का पासबुक मिला। आधार कार्ड के माध्यम से बुजुर्ग महिला का नाम पता मिला। डायल 112 ने पाली थाना प्रभारी चमन सिन्हा को सूचना दे अवगत कराया। वृद्ध महिला को भोजन कराकर उसके गांव दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्र सपलवा पहुंचाया गया। परिजनों ने बताया कि हम लोग मड़ुआ बीनने जंगल पहाड़ी तरफ निकाल गए थे। वापसी घर आने पर सोचे कि किसी रिश्तेदार या परिचित के घर गई होगी या मेरे छोटे भाई के साथ बैंक जाने वाली थी, तो उसी के साथ पाली ग्रामीण बैंक गई होगी और रात होने के कारण भाई के यहीं रूक गई होगी। रात्रि में सकुशल बुजुर्ग महिला को उसके घर छोड़ा और डायल 112 के टीम की सराहना करते हुए परिजनों एवं ग्रामीणों ने आभार जताया।

स्व. नितेश अग्रवाल की स्मृति में चिकित्सा कैंप का आयोजन

कोरबा । कोरबा जिलान्तर्गत उद्योग जगत का युवा सितारा रहे स्व. नितेश कुमार अग्रवाल की जयंती पर उनकी स्मृति में नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुंडा (मड़वारानी) परिसर में दोपहर 12.00 बजे से निशुल्क चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया है। इस कैंप में स्वास्थ्य लाभ लेने क्षेत्र के ग्रामीणों से आग्रह किया गया है। 20 अप्रैल को विद्यालय का स्थापना दिवस भी है।

इस अवसर पर संध्या 4.00 बजे से प्रतिभावान बच्चों, क्षेत्र के ग्रामीणों का भी सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इनके अलावा कई दिग्गज लायन भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल करेंगे।

रामनवमी उत्सव मनाया जलाराम मंदिर में

कोरबा। गुजराती समाज व जलाराम सेवा समिति के तत्वावधान में बुधवार को संत श्री जलाराम मंदिर में श्री रामनवमी उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर में स्थापित भगवान राम, लक्ष्मण व माता सीता की प्रतिमा का अभिषेक व श्रृंगार के बाद महाआरती की गई।इसके पूर्व सुबह 10 बजे से ही मंदिर में श्रीराम धुन व भजन महिलाओं द्वारा गायी गई। दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव के साथ मनाया गया। महाआरती के बाद महा प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें समाज के लोग सपरिवार शामिल हुए।

भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय ने पाली-तानाखार विधानसभा के विभिन्न ग्राम पंचायत में की नुक्कड़ सभा

कोरबा। कोरबा लोकसभा क्षेत्र के पाली-तानाखार विधानसभा अंतर्गत पोड़ी मंडल के ग्राम तानाखार, कोंकोना, पचरा और पसान में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय ने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी और आप सबकी भाजपा की सरकार ने पिछले 10 वर्षों में देश को विकास के अग्रणी शिखर तक पहुंचाने का काम किया है। भाजपा की सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो भी कहा है उसकी पूरी होने की गारंटी की गारंटी है। आप मोदी को जिताने की गारंटी दीजिए मैं आप सबसे आशीर्वाद मांगने आई हूं। एक मौका विकास के लिए दीजिए।

कांग्रेस सेवादल की रीढ़ की हड्डी, संगठन के बूते लड़ेंगे व जीतेंगे : महंत

कोरबा । छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने जिला कांग्रेस सेवादल, महिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण, शहर के प्रबंध कार्यकारिणी एवं ब्लॉक अध्यक्षों सहित प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक ली। समस्त पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया।उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ.महंत ने कहा कि सेवादल संगठन कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी है। कांग्रेस के सेवा कार्यों से लेकर संगठन को आगे बढ़ाने में सेवादल की भूमिका हमेशा से महत्वपूर्ण रही है। चुनाव का समय हो या संगठनात्मक रूप से कांग्रेस को मजबूत करने के अवसर हों, सेवादल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एक कदम आगे बढ़कर कार्य करते आए हैं। एक बार पुन: लोकसभा चुनाव में यह अवसर आया है जिसमें सेवादल के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को कमर कसकर जुट जाना है।डॉ. महंत ने इसी तरह जिला आदिवासी कांग्रेस कमेटी कोरबा, युवा प्रकोष्ठ ग्रामीण एवं शहर प्रबंध कार्यकारिणी, ब्लॉक अध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक लेते हुए मार्गदर्शन दिया। जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के भी ग्रामीण एवं शहर के पदाधिकारियों को उन्होंने बैठक ली तथा मौजूदा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत के लिए लोगों के बीच घर-घर जाकर कांग्रेस के न्याय पत्र के 5 न्याय एवं 25 गारंटी को प्रमुखता से बताने अपील की। इसी तरह डॉ. महंत ने सिस्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर.पी. खांडे सहित अन्य पदाधिकारियों से मुलाकात की।

बैठकों के दौरान प्रमुख रूप से महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, सभापति श्यामसुंदर सोनी, मुकेश राठौर, सेवादल अध्यक्ष प्रदीप पुरायणे, महिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सोनी कर्ष, विजय धीवर, श्रीराम साहू, राजकमल बंजारे, धनेश्वरी चौहान, लता धीवर, पूजा मिश्रा, मिली मुस्कान, सीमा लाल, लक्ष्मी महंत, पिंकी मानिकपुरी, आगर बंजारे, सविता पाठक, कौशल्या भगत, उषा रानी महंत, दिलीप टंडन, पूनम केशरवानी, पी.डी. तिग्गा, गेंदलाल सिदार, विक्रम सिंह कंवर, सिकंदर टोप्पो, जे. टोप्पो, विकास दास, गजानंद यादव, प्रदीप कुमार, विक्रम दास, मनहरण राठौर, लक्ष्मीनारायण देवांगन, दुर्गा प्रसाद महतो, आर.के. वर्मा, रामगोपाल यादव, महेन्द्र निर्मलकर, ओमप्रकाश चन्द्रा, लोकनाथ साहू, गोपाल यादव, प्रदीप जायसवाल, गणेश दास महंत, गीता महंत, भगवती महंत, गजानंद प्रसाद साहू, राजेश मानिकपुरी आदि के साथ अन्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

देश में भाजपा ही भरोसा कायम कर सकती है:विष्णुदेव साय

जांजगीर चांपा। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल जांजगीर के कचहरी चौक में एक विशाल आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में भारतीय जनता पार्टी ही लोगों का विश्वास कायम करने में सफल रही है बाकी के राजनैतिक पार्टियां जनता के साथ शिवाय धोखा के कुछ नहीं किया है वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व भारत देश उन्नति के राह पर अग्रसर होने जा रहा है जिससे सभी वर्ग के लोगों को इससे बेहतर लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में नरेंद्र मोदी सरकार ने बेहतर कार्य कर उन्हें आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ किया है वही आज पूरे देश में भारतवर्ष का डंका बज रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव सहाय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है उसे का करती भी है हमने छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के बाद से अपने द्वारा किए गए वादे पर अमल करना शुरू कर दिया है जहां किसानों को उनके कृषि उपज का उचित मूल्य देने का वादा किया था उसे दिया जा रहा है वहीं महिलाओं को मंत्र बंधन योजना के तहत प्रत्येक मां उन्हें राशि उपलब्ध कराई जा रही है ऐसा ही आगे भी पार्टी द्वारा किए गए वादे को पूरा करने का काम किया जाएगा। भारी धूप के बावजूद भी इस कार्यक्रम में बहुत संख्या पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा इस हमसफर को सफल बनाने के लिए वाहनों से कार्यकर्ताओं की भीड़ लाई गई थी जो कांग्रेस की तुलना में कम दिखाई दी। अन्य मंचों की तरह इस आम सभा में भी पार्टी में प्रवेश करने वालों की संख्या देखने को मिली जहां कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी भाजपा में शामिल ह गए जो खुद तो भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए साथ ही साथ अपने साथ कार्यकर्ताओं की भी प्रवेश कराया इस सभा में भाजपा प्रवेश करने वालों राजकुमार साहू जिला पंचायत सदस्य (सभापति), पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह उपाध्यक्ष नपं. नवागढ़, पूर्व अध्यक्ष जनपद पं. नवागढ़,श्रीमती प्रियंका पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह जनपद सदस्य गौद श्रीमती सुक्रिता साहू जनपद सदस्य मिस्दा, डाकेश्वर केंवट जनपद सदस्य अमोदा, जनीलाल सारथी जनपद सदस्य खोखरा, रोहणी साहू सरपंच पीथमपुर, के अलावा जांजगीर शहर के समाजसेवी एवं पूर्व राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के नेता शंकर सिंघानिया एवं उनकी धर्म पत्नी ने भी भाजपा प्रवेश कर ली है। इस तरह लगातार प्रत्येक कार्यक्रमों में कांग्रेस पार्टी को नुकसान हो रहा है जिसके नेता लगातार पार्टी को छोड़कर भाजपा में प्रवेश कर रहे हैं। भाजपा प्रवेश करने वाले नेताओं को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गमछा पहनकर उनका स्वागत किया वही उनके पीठ भी थप थपाया। इस अवसर पर मंच पर पूर्व विधायक सौरभ सिंह, नारायण चंदेल, लीलाधर सुल्तानिया, गौरी शंकर अग्रवाल,प्रत्याशी कमलेश जांगड़े पूर्व विधायक अंबे जांगड़े ,जिला अध्यक्ष चंदेल, चुन्नीलाल साहू,रवि पांडे सहित बहुत संख्या में लोग उपस्थित थे।

रामनवमी पर नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

जांजगीर चांपा। जिला मुख्यालय जांजगीर में रामनवमी के अवसर पर परम पूज्य मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की भव्य झांकी निकाली गई। यह रैली नैला के श्रीराम मंदिर से निकलकर जांजगीर शहर के रेस्ट हाउस के पास स्थित हनुमान मंदिर तक इस विशाल रैली को लाया गया। जिसमें हजारों की संख्या में महिला,पुरुष एवं युवा वर्ग तथा बच्चे उपस्थित थे। यह पहला अवसर था जब इतनी तादाद में सनातन धर्म के लोग एकत्र होकर श्रीराम जानकी के भाव शोभायात्रा में शामिल हुए थे। नैला के श्रीराम जानकी मंदिर से यह शोभायात्रा निकाली गई जिसका जगह-जगह लोगों ने दीप,आरती सजाकर स्वागत किए एवं आरती उतारी।वही शोभायात्रा में उपस्थित लोगों के लिए शीतल पेय जल एवं अनेक स्थान पर प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। जिसे लोग अपनी सेवा समझ कर मानव समाज की सेवा में लोग बांटे थे। इस अवसर पर जगह-जगह पटाखे फोड़ कर भव्य शोभा यात्रा का स्वागत किया गया वहीं करमा नृत्य एवं डीजे बजे आदि से श्री राम के गीत से पूरा माहौल गुंजते रहे हैं। इस भव्य शोभायात्रा में लगभग सभी राजनीतिक दलों के नेता गण उपस्थित रहे है वहीं महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया । लोग भगवान श्रीराम एवं माता जानकी के प्रति आस्था जाहिर करते हुए नैला रेलवे स्टेशन के पास से निर्धारित लक्ष्य तक पदयात्रा करते हुए एवं श्री राम जी के जय जयकार लगाते हुए पैदल चलकर यात्रा पूरी किए।जिसमें विभिन्न समाज, जाति एवं समुदाय के लोग उपस्थित थे। इस विशाल शोभायात्रा में एक बात जरूर देखने को मिला जिसमें मुस्लिम एवं सिख तथा सिंधी समाज के लोगों ने भी उपस्थित लोगों के स्वागत के लिए शीतल पेय जल एवं अन्य प्रकार की खाद्य एवं पेय जल बांटे । जिससे शोभा यात्रा में भाईचारे की एक छवि दिखाई दे रही थी। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व विधायक नारायण चंदेल एवं वर्तमान विधायक ब्याज नारायण कश्यप एवं अन्य राजनीतिक दलों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सभी इस कार्यक्रम मेंशामिल हुए।

कुलीपोटा में स्थापित की गई श्रीराम जानकी की अनुपम मूर्ति

जांजगीर-चांपा । रामनवमी के पावन अवसर पर समीपस्थ ग्राम पंचायत कुलीपोटा के हनुमान मंदिर में खेमुका परिवार द्वारा भव्य श्रीराम जानकी जी की प्रतिमा स्थापित की गई है।इस प्रतिमा के स्थापना को लेकर भव्य मंदिर का निर्माण किया गया है,जो विगत एक वर्ष के प्रयास से सफल हो पाया है इस भगवान श्री राम जानकी की प्रतिमा की भव्यता को राजस्थान के प्रमुख कलाकारों द्वारा इसे आकर दिया गया है वही स्थानीय एवं बाहरी कारीगरों द्वारा मंदिर बनाने में अपनी महती भूमिका अदा की गई है।

वैसे तो ग्राम कुलीपोटा में स्थित हनुमान मंदिर लोगों के लिए नई जगह नहीं है बल्कि यह लोगों के लिए प्रमुख आस्था का केंद्र रही है जहां हजारों की संख्या में लोग मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना करते रहे हैं।लेकिन मंदिर प्रबंधन विष्णु खेमुका द्वारा हनुमान मंदिर के बगल में ही एक विशाल राम जानकी मंदिर का निर्माण करवाया गया है जिसे देखकर लोग बरबस इस ओर आकर्षित होते रहते हैं। इस श्रीराम जानकी मूर्ति की स्थापना के लिए कई दिनों से पूजा पाठ चल रहा था वही स्थापना के 1 दिन पहले जांजगीर शहर से कुलीपोटा ग्राम तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई इसमें जहां भगवान श्रीराम जानकी की झांकी देखने को मिली वही विश्वामित्र द्वारा यज्ञ करते हुए अनुपम दृश्य को प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया ।

बाजे गाजे के साथ इस विशाल शोभायात्रा में लोग बहुतायत की संख्या में पहुंचकर खुद को धन्य किए हैं। नवरात्रि के दिन जहां मूर्ति की स्थापना की गई वहीं हनुमान मंदिर के ही बगल में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया था जिसमें हजारों लोग आकर प्रसाद ग्रहण किए। इस मूर्ति स्थापना के बाद हनुमान मंदिर में श्रीराम नाम संकीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है जो हनुमान जयंती तक अनवरत चलेगी । इस आयोजन में दूर दराज से लोग एवं श्रद्धालु पधार कर श्रीराम नाम संकीर्तन का गायन करने के साथ-साथ श्रवण करते हैं वही कार्यक्रम के प्रमुख विष्णु खेमुका ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों को पधारने का अनुरोध किया है।

लोकतंत्र को मिलकर करेंगे मजबूत, दूसरे राज्य काम करने गए लोगों को बुलाने बनाया वीडियो

जांजगीर -चांपा। मैं ग्राम पंचायत नवगवां ले सचिव ओमप्रकाश राठौर बोलत हंव आप पुणे ले दशरथ बोलत हावा तब उधर से आवाज आती है हां मैं दशरथ बोलत हंव। जिला प्रशासन के तरफ ले घर आजा मोर संगी कार्यक्रम चलाए जात हावय। 7 मई को लोकसभा के चुनई है ओमा वोट डारे जाही त सबझन गांव वापस आके वोट डार दिहा।

कुछ इसी तरह के फोन करके जिले से पलायन करने वाले श्रमिक परिवारों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिए जिला प्रशासन के द्वारा घर आजा मोर संगी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत पलायन करने वाले परिवारों को वीडियो कालिंग के माध्यम से 7 मई मतदान दिवस के दिन वापस घर आकर मतदान करने का आग्रह किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में सचिव, रोज़गार सहायकों, बीएलओ द्वारा पलायन हुए मजदूरों को वाइस, वीडियो काल कर मतदान दिवस पर उपस्थिति के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पलायन करने वाले ऐसे मतदाताओं का चिन्हांकन किया गया है।

स्नेह एवं अपनत्व के महौल में बीएलओ न केवल घर का हाल चाल पूछ रहे हैं, बल्कि 7 मई को मतदान करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। जिले में पलायन करने वाले श्रमिक परिवारों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए वीडियो कालिंग करते हुए मतदान करने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। उन्हें प्रत्यक्ष रूप से फोन करने का असर यह रहा है कि उनमें यह भावना जागृत हुई है कि वोट की कीमत है और हमें अपने अमूल्य वोट का प्रयोग करने अपने गांव-घर जाना चाहिए।

घर पर लटका मिला युवक का शव, मर्ग कायम

चांपा। सिंधी कालोनी में रहने वाले एक युवक ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शव से दुर्गंध आने लगा था। युवक पिछले कई वर्षों से मकान में अकेले रह रहा था। मोहल्ले वासियों ने घर से दुर्गंध आने पर युवक के भाई को जानकारी दी। ममाला चांपा थाना का है।जानकारी के अनुसार सिंधी कालोनी में 37 वर्षीय हेमंत पाण्डेय पिता स्व राजकुमार पाण्डेय अपने मकान में अकेले रहता था। रामनवमी 17 अप्रैल से वह दिखाई नहीं दिया। युवक का मकान तो खुला था ।

लेकिन उसके झगड़ालु प्रवृत्ति के कारण किसी ने मकान के अंदर जाकर नहीं देखा। मकान सेदुर्गंध आनेपर आज सुबह आस-पास रहने वालों ने इसकी जानकारी युवक के बड़े भाई दिलीप पाण्डेय को दी जो वही पास में सिचाई कालोनी में रहता है। जब वहां पहुंचा तो मकान तो खुला ही था। अंदर जाकर देखा तो हेमंत का शव फांसी में झूल रहा था। दिलीप ने इसकी सूचना चांपा पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया।

मनरेगा श्रमिकों को मतदान की शपथ दिलायी

सक्ती। जिले में लगातार विभिन्न नवाचारी स्वीप गतिविधियां आयोजित कराई जा रही है। लोकतंत्र को और मजबूत बनाने तथा 7 मई को होने वाले मतदान के महापर्व में ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए प्रेरित करने आज जिले के सभी जनपद पंचायतों के विभिन्न गांव में मनरेगा के तहत चल रहे कार्यस्थल पर मनरेगा श्रमिकों व ग्रामीणों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। जिले के सभी जनपद पंचायतों के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत सुंदरेली, डेरागढ़, जामपाली, पासीद, परसदाखुर्द, बड़ेसीपत, बड़ेमुडघार, पिहरिद, जमगहन, कलमी, पोता, आडिल, कुधरी, करौगाँव, चिखली, सकर्रा, बुंदेली और फगुरम सहित अन्य विभिन्न गांवों में चल रहे मनरेगा कार्यस्थल पर पहुंचकर श्रमिकों व ग्रामीणों को मतदाता जागरूकता हेतु शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए शपथ दिलाया गया।

मतदाताओं को जागरूक करते हुए उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्रात्मक प्रणाली में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही गई। आज विभिन्न गांव में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं, पुरुषों, युवा श्रमिकों और ग्रामीणों ने पूरे उत्साहपूर्वक भाग लिया। लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में आमजन को लगातार जागरूक किया जा रहा है।

सौदर्यीकरण की प्रतीक्षा कर रहा पटेल उद्यान

जांजगीर- चांपा। नगर के सरदार वल्लभ भाई पटेल उद्यान के सुंदरीकरण के तरफ ध्यान नहीं दिए जाने से उजाड़ होता जा रहा है। जिससे यहां की रौनक गायब हो रही है। झूले टूट गए हैं और पेड़ पौधे मुरझा गए हैं। कई जगह पर फुटपाथ धंस गई है। पेड़ों के नीचे बनाए गए अधिकतर चबूतरों के टाइल्स टूटकर गिर चुके हैं। खंभों में लगे अधिकांश लाइट खराब हो चुके हैं। जिसके चलते शाम होते ही यहां अंधेरा छा जाता है। हालांकि नगर पालिका के द्वारा पटेल उद्यान के सुंदरीकरण के लिए 50 लाख रूपये स्वीकृत किया गया है मगर साल भर बाद भी काम शुरू नहीं हो सका है।

जिला मुख्यालय में हाईस्कूल मैदान के सामने स्थित सरदार पटेल बालोद्यान अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। मगर इसकी बदहाली नगर सरकार को नजर नहीं आ रही है तभी शहर के बाकी उद्यानों को संवारने के लिए जहां लाखों रूपये खर्च किए जा रहे हैं। मगर पटेल उद्यान को उसकी बदहाली पर ही छोड़ दिया गया है। नगर सरकार का पूरा ध्यान केवल बीडीएम गार्डन को ही संवारने में रहा है। जबकि पटेल उद्यान की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बीडीएम गार्डन का कई बार कायाकल्प किया जा चुका है। जिस तरह बीडीएम गार्डन और तिवारी बालोद्यान का कायाकल्प कराया गया है वह बेहतर प्रयास है और शहरवासियों के लिए अच्छा है मगर एक को संवारने के चक्कर में अन्य उद्यानों को नजर अंदाज किया जा रहा है।

चार साल पहले जब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस उद्यान परिसर में सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण किया था तब लोगों को ऐसा लगा था कि अब इस उद्यान की तस्वीर बदलेगी और सुविधाओं का विस्तार होगा मगर नगर पालिका के द्वारा उद्यान के सौंदर्यीकरण की तरफ ध्यान नहीं दिए जाने से अब उजाड़ होता जा रहा है और यहां की रौनक गायब हो रही है। पटेल उद्यान में कई जगह पर फुटपाथ धंस गई है। पेड़ों के नीचे बनाए गए अधिकतर चबूतरों का टाइल्स टूटकर गिर चुके हैं। सरदार पटेल की पुरानी प्रतिमा धूल खा रही है और उनके नाम पर बना उद्यान भी उजड़ गया है। झूले टूट गए हैं पेड़ पौधे मुरझा गए हैं।

फौव्वारा और वाटर फाल सालों से बंद

पटेल बालोद्यान को जब बनाया गया तो यहां की सुंदरता देखते बनती थी। यहां लगाए गए वाटर फाल और रंग बिरंगी लाइट और फौव्वारा इस उद्यान की सुंदरता पर चार चांद लगाते थे। शहर वासियों के घूमने फिरने के लिए पटेल उद्यान शहर का पसंदीदा स्थान था मगर समय के साथ इसकी सुंदरता पर ग्रहण लगता गया। वाटर फाल और रंग - बिरंगी लाइट गायब हो गए। फौव्वारों की फुहारें बंद हो गई। बीच बीच में फौव्वारा और वाटर फाल को शुरु कराने जरुर मेंटनेंस के नाम पर लीपापोती हुई मगर चंद दिनों में ही हालात पहले जैसे ही हो गए। फौव्वारा और वाटर पुाल की सुंदरता देखना लोगों के लिए गुजरे जमाने की बात हो चुकी है।

झूले टूटे पडे, खंभों की लाइट नहीं जलती

पटेल बालोद्यान में बच्चों के खेलने के लिए गिनती के झूले बचे हैं जिसमें से कई टूट फूट चुके हैं। जिसे संवारने की बजाए नगरपालिका ने अपने हाल में ही छोड़ दिया है। जिसके चलते इस उद्यान से लोगों का मोहभंग हो चुका है। अभिभावकों को यहां आने में यह बात हमेशा खलती है क्योंकि बच्चों के खेलने के लिए न तो पर्याप्त संसाधन है और न ही दो पल सुकून से बैठने लायक वातावरण। खंभों में लगे अधिकांश लाइट खराब हो चुके हैं। जिसके चलते शाम होते ही यहां अंधेरा छा जाता है।

कार से 11 लाख की रकम एफएसटी ने जप्त की

सक्ती। कार की सीट में छिपाकर ले जा रहे नोटो से भरे बैग को एफएसटी की टीम ने पकड़ा और उसमें से 11 लाख रूपये जब्त कर कार्रवाई के लिए की जा रही है। जानकारी के अनुसार चांपा निवासी व्यवसायी अनुप कुमार अग्रवाल अपनी कार से रायगढ़ जा रहे थे।सक्ती जिले की सीमा में एफएसटी चेक पाइंट में कार की तलाशी ली गई तो सीट के नीचे एक बैग मिला। बैग को खोलकर देखने पर उसमें 11 लाख रूपये के नोट रखेथे। व्यापारी से रूपयों के संबंध में दस्तावेज की मांग की गई तो वे दस्तावेज नहीं दिखा सके। एफएसटी की टीम ने नोटों की जब्ती बनाई और उसे आयकर विभाग के अधिकारियों को सौंपा गया।

खोखरा रोड स्टैंड तक बसों के नहीं जाने से परेशान होते हैं यात्री

जांजगीर। जिला मुख्यालय के नए बस स्टैंड का हाल बदहाल है। यहां पर एक भी बस नहीं आती। लिहाजा लोगों को चिलचिलाती धूप में सड़कों पर खड़े रहकर बसों का इंतजार करना पड़ता है।

खोखरा रोड स्थित बस स्टैंड का हालत खराब है इसलिए यहां पर बसें भी नहीं आतीं। शहर के बसें नहीं आती इसलिए यहां न तो कोई कर्मचारी रहता है न ही यात्री। इन दिनों मुंह झुलसा देने वाली चिलचिलाती धूप और गर्मी में यात्रियों को स्टैंड की बदहाली और जिम्मेदारों की लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। यात्रियों को सड़क पर ही खड़े रहकर बस का इंतजार करना पड़ता है। वैसे तो शहर में कई जगहों पर सड़क किनारे यात्री प्रतीक्षालय बनाए गए थे। लेकिन इनकी कंडीशन भी ऐसी नहीं है कि यहां पर बैठकर यात्री बसों का इंतजार कर सकें।

यात्री प्रतीक्षालय भी बदहाल केरा रोड पर खोखरा रोड के सामने बने यात्री प्रतीक्षालय में कुर्सियां बहदाल हैं। तो वहीं ऊपर शेड की स्थिति भी ठीक नहीं है। वहीं गर्ल्स कॉलेज के पास बने यात्री प्रतीक्षालय में भी गंदगी पसरी है।

श्रीराम के प्राकट्य दिवस पर सिंघरा में निकली यात्रा

मालखरौदा। ग्राम सिंघरा में रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा के साथ ही विविध कार्यक्रम का आयोजनर्ं किया गया। माता चौक में स्थापित श्रीराम जानकी मंदिर में 12 बजे से 3 बजे तक सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसके बाद शोभायात्रा निकाली गई। इसमें ग्राम के युवा, महिलाएं व बच्चे बड़ी संख्या में बाजे गाजे, पटाखे व डीजे के साथ शामिल हुए। महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। इस मौके पर घर-घर से कलश, दीप, आरती से भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना की गई। गांव के 6 नवदुर्गा समिति, तेरह गणेश समिति, दो सुंदरकांड समिति व जय चंडी समिति ने एक साथ भाग लेकर पूरे गांव को राममय बना दिया। कार्यक्रम में श्री रामजानकी जगन्नाथ मंदिर के कर्मठ सदस्य, महिला स्व-सहायता समूह, ग्राम पंचायत सरपंच, पंच और जिला पंचायत सदस्य साक्षी बंजारे, युगलकिशोर बंजारे भी शामिल हुए।

एक पखवाड़ा पहले ही आत्मानंद में पहली कक्षा की सीट फूल

जांजगीर। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में सत्र 2024-25 के लिए एडमिशन की प्रक्रिया 10 अप्रैल से शुरू हो चुकी है।

आठ अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पहली के लिए 400 सीट तय की है, जिनमें अब तक 9 दिन के भीतर 435 आवेदन आ चुके हैं। जांजगीर, अकलतरा और चांपा के स्वामी आत्मानंद स्कूल की पहली में एडमिशन के ज्यादा मारामारी नजर आ रही है। यहां अब एक सीट के पीछे दो-दो लोगों ने आवेदन कर लिया है। इसलिए जहां आवेदन की संख्या अधिक होगी, वहां लॉटरी से एडमिशन दिया जाएगा। हालांकि 9वीं से 12वीं तक प्रवेश परीक्षा के माध्यम से खाली सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 5 मई तय की है।

लॉटरी की तारीख 5 से 10 मई तक निर्धारित की गई है। एडमिशन प्रोसेस 11 मई से 15 मई तक चलेगी। इसलिए अभी आवेदनों की संख्या में और बढ़ोतरी हो सकती है। जिले में संचालित 8 अंग्रेजी माध्यम स्कूल ऐसे हैं, जहां अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई होती है। इन अंग्रेजी माध्यम स्कूल में अलग-अलग कक्षाओं के लिए निर्धारित सीट पर ऑनलाइन आवेदन लिए जा रहे हैं। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम की पहली में आवेदकों की संख्या अन्य कक्षाओं की अपेक्षा अधिक होती है। हिंदी माध्यम के स्कूलों में पहले की तरह ही प्रवेश की प्रक्रिया अपनाई जा रही है, क्योंकि वहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं आसपास से ही होते हैं।

संख्या अधिक होती है। इस साल प्रवेश के लिए नियम में बदलाव किया है। प्रवेश के लिए लोक शिक्षण संचालनालय ने निर्धारित निर्देश के अनुसार एक विद्यार्थी केवल एक ही विद्यालय में आवेदन कर सकेगा। राज्य में पूर्व से संचालित अंग्रेजी माध्यम के प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं के छात्र-छात्राओं को 6वीं और कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राथमिकता दी जाएगी। आत्मानंद स्कूल में आवेदन जमा करते परिजन।

अनमोल वचन

अगर जीवन में अकेलापन है
तो भगवान को अपना मित्र बना लो

फैसले किसी को डराने या नीचा दिखाने के लिए नहीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उनके पास बड़ी योजनाएं हैं, किसी को डरने की जरूरत नहीं है। उनके फैसले किसी को डराने या नीचा दिखाने के लिए नहीं होते। वे देश के विकास के लिए बने हैं, और 10 साल का उनका काम सिर्फ ट्रेलर है, 2047 के लिए अभी बहुत काम बाकी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को एक न्यूज एजेंसी को दिए विस्तृत साक्षात्कार में तमाम जिज्ञासाओं और प्रश्नों के खुलकर जवाब दिए। बेशक, चुनावी वेला उनके साक्षात्कार से काफी बातें साफ हुई हैं, और मंतव्यों को सही परिप्रेक्ष्य में समझने में मदद मिल सकती है। चुनावी बॉन्ड से लेकर मोदी की गारंटी कहे जाने के पीछे के मंतव्य का भी उन्होंने खुलासा किया।

राम मन्दिर को लेकर होती रही राजनीति में अपनी पार्टी और विपक्षी पार्टियों के बीच आरोप-प्रत्यारोपों पर भी उन्होंने तमाम बातें स्पष्ट कीं। दरअसल, यह चुनाव ऐसा है जहां किसी प्रकार की लहर जैसी कोई बात नहीं है, और मुकाबला सीट दर सीट होना तय है।

चूंकि भाजपा गठबंधन एनडीए दस साल से सत्ता में है, और चुनाव में कोई लहर न रहने से एनडीए सरकार को सत्ताजनित आक्रोश का सामना रहेगा। ऐसे में गफलत फैलाने का मंसूबा सिरे चढ़ाना किसी के लिए भी आसान रहता है। मोदी सरकार ने शुरू से ही फैसले लेने वाली सरकार की छवि बना ली थी। नोटबंदी जैसे फैसले एकाएक लिए गए और भी तमाम फैसलों की लिस्ट गिनाई जा सकती है, जिनसे लगता है कि उन्हें एकाएक लिया गया। जिस प्रकार कांग्रेस विहीन अवधारणा पेश की गई उससे भी लगने लगा कि सरकार किसी भी फैसले में विपक्ष को विश्वास में लेने में विश्वास नहीं करती। न ही किसी मंच पर जनमानस को किसी भी फैसले के प्रभावों के मद्देनजर तैयार करने की ही कोशिश सरकार की ओर दिखलाई पड़ी। कई बार लगा जैसे सरकार पारदर्शिता से काम नहीं कर रही और एकतंत्रीय व्यवस्था जैसे हालात हुए जा रहे हैं। चुनावी बॉन्ड का अधिकांश हिस्सा सत्ताधारी पार्टी को मिलने से भी एक प्रकार के अविश्वास की स्थिति नजर आने लगी। अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री मोदी ऐसे तमाम सवालों के जवाब को लेकर विस्तार से अपनी बात रखी। महसूस कराया कि काफी कुछ ऐसा है जिसका वस्तुस्थिति से कुछ लेना देना नहीं है। बेशक, प्रधानमंत्री का साक्षात्कार गफलत को परे झटकेगा।

राशिफल

मेष राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दोपहर तक आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है। खुद किसी विशेषज्ञ आपके बारे में आपको भविष्य के लिए तैयार कर दे। ऐसा कोई मौका ही न दें। आज आपकी प्रतिभा मान-सम्मान बढ़ाने में सहायक साबित हो सकती है। आपको खुद ऐसे काम किए जाएंगे, जिन्हें आप आसानी से पूरा कर लेंगे।

वृष राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज पूरा दिन मजा-मौज के साथ बिताना। आज बहुत से कमाई हुई और पैंडिंग की बिक्री पर परिस्थिति सुधर में वृद्धि होगी। जिन संभित रिश्तों की वजह से आप विचार के दायरे से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं, आज उन्हें लेकर जीवन में बदलाव लाने में सफल होंगे। आज व्यवसायी काम या कोर्ट संबंधित कामों को आने वाले की व्यस्तिता करेंगे।

मिथुन राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किसी भी कामों की व्यक्ति होगी। आज सामाजिक पर लोगों के साथ जुड़े रहने की और मिलने-जुलने की व्यक्ति करेंगे, लेकिन अपने रिश्तों में किसी भी प्रकार का बदलाव ठीक समझकर करें। मित्रों की बातों में मिली सीख को आज ध्यान में रखेंगे। स्वास्थ्य आज पहले से बेहतरी आएगा रहेगा।

कर्क राशि : आज आपके दिन की शुरुआत खुशियों से भरी होगी। आज अन्य लोगों की समस्याओं को सुलझाने पर आपका ध्यान रहेगा, इस कारण व्यक्तिगत जीवन की खुद बातों को नजर अंदाज न करें। आज अन्य लोगों की, की गई मदद से आपको लाभ मिलेगा। आज का दिन दोस्तों के साथ मौज मस्ती में बिताना। आप उनके साथ बाहर जा सकते हैं जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात होगी।

सिंह राशि : आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप का रिश्तों से परिपूर्ण होंगे। आप दिन कामों को करने के लिए सोचेंगे, ये आपके लिबिद से ज्यादा फायदा दे सकते हैं। आज के दिन की शुरुआत गृह संबन्धों से होगी। जो लोग मिट्टी के कारखाना से जुड़े हैं उनके लिए आज का दिन धनदायक रहेगा।

कन्या राशि: आज मान का आपको पूरा पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में अपनी प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आज राशि से सम्बन्धित मित्रजनों की व्यक्तिता लोगों के बिच मजबूत के काम समय से पूरा हो जाएगा। आज आपको दूसरों का मुह समझने में बहुत हद तक सफलता मिलेगी। आगे बढ़ने के लिए आप खुद नया सीखेंगे।

तुला राशि : आज आपका दिन लाजवाब होगा। किसी बात को लेकर भाई-बहन से विचार शिमर्श करेंगे। आज किसी से भी बेवजह मजाक करने से आपको बचना चाहिए। कोई महत्वपूर्ण काम पूरा होने से मन खुश रहेगा। आज खुद का मौके और नये विचार सामने आयेंगे, जिन्हें आप खुले मन से स्वीकार करेंगे। आज आप उपकारए मामलों में खुद को बाधाकारी महसूस करेंगे। छोटी-मोटी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निजात पाने के लिये घरेलू नुस्खों को अपनाना फायदेमंद रहेगा।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन लाजवाब होगा। आज आप जो भी करें, आपके से समझदार करें, फायदा होगा। सरकारी कामों में किसी अनुभवी से सलाह लिए सकती है, जो आपको बहुत लाभ आ सकती है। इस राशि के जो लोग व्यक्तिगत संतानता हैं, उनके लिये अपने काम में बहुत बदलाव करने का आज आपका दिन है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही करने से बचें। जीवनसाथी का सहयोग बना रहेगा।

धनु राशि : आज आपका दिन लाजवाबदार रहेगा। अपने व्यक्तिगत को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। आज सेवा संबंधी समस्या को किसी अपने डॉक्टर को दिखाएंगे। आज आप सकारात्मक बातों पर ध्यान देने की व्यक्तिता करेंगे। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है। इस राशि के कॉन्ट्रेक्टर के लिए आज का दिन दायकारक देने वाला है।

मकर राशि: आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बन रहा है। जीवनसाथी की मदद से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज किसी समारोह में आने का पक्का वचनए दमाएँगे, आज किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है। व्यक्तिगत से संबंधित निर्णय ली राशि से काम का दबाव बढ़ता हुआ नजर आएगा, लेकिन इसी काम के जरिए आपको सफलता भी मिलेगी।

कुंभ राशि : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किसी ऐसे मित्र से बात पर बात होगी जिससे पुरानी यादें ताजा हो जाएंगे। आज मिलनी वाली की राशि से मन प्रसन्न होगा। ऑफर्डर सीरत के लिए आज कार्यिल फायदा देने वाला है। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। जीवनसाथी आज अपनी अपने मन की बात शेयर करेंगे। साथ ही उपहार मिलने से आपको प्रसन्नता होगी।

मीन राशि : आज आपका दिन नई चीजें सीखर आज है। आज व्यक्तिगत संबंधी कोई खुन समाधान निकलेगा, जिससे घर का वातावरण खुशनुमा हो जाएगा। सेहत आज फिट रहेगी। मन में पैसों को लेकर कई तरह के विचार आ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने के लिए समय बेहतर है। यात्रा का कोई सकारात्मक लाभ सकते हैं। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिये आज आपको खुश आरो मौके मिल सकते हैं। घर के किसी काम को लेकर आप कोई बड़ा फैसला कर सकते हैं। संतान की ओर से आपको आपकी खुशखबरी मिल सकती है।

आखिर यूपी में क्या सियासी गुल खिलाएगी राहुल-अखिलेश की जोड़ी

//कमलेश पांडे //

उत्तरप्रदेश में पहले चरण के मतदान से दो दिन पहले यानी गत बुद्धवार को दिल्ली से सटे गाजियाबाद महानगर के कौशांबी स्थित फाइव स्टार होटल रेडिसन ब्लू सभागार में, गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र की इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा के समर्थन में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जो संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित किया, उसके सियासी मायने स्पष्ट हैं। यहां के शानदार मंच से दोनों नेताओं ने भाजपा की मोदी सरकार के प्रति जो तल्खी दिखाई, उससे यह सवाल उभरकर सामने आया कि आखिर यूपी में क्या सियासी गुल खिलाएगी राहुल-अखिलेश की जोड़ी। आपको पता होना चाहिए कि यूपी में कांग्रेस-सपा गठबंधन होने के बाद पहली बार दोनों नेता एक साथ, एक मंच पर दिखाई दिए और पत्रकारों के लाख कुरेदने के बावजूद भी संतुलित और सधे हुए अंदाज में जो बातें कहीं, उसके राजनीतिक मायने स्पष्ट हैं।

पहला यही कि कांग्रेस-सपा की यह युगलबंदी लंबी चलेगी। क्योंकि पीएम पैदा करने वाले इस प्रदेश से यदि भाजपा और एनडीए गठबंधन को खदेड़ना है, तो पीएम के हवा-हवाई मुद्दों की बजाए राहुल गांधी-अखिलेश यादव के जमीनी मुद्दों यानी कांग्रेस की गारंटी (जिसमें इंडिया गठबंधन के मुद्दों को समाविष्ट किया गया है) की बात पर जोर देना होगा। कांग्रेस की गारंटी का मतलब समाज के समस्त दबे-कुचले लोगों के परवरिश और उत्थान की बात, जैसा कि उसमें समाविष्ट किया हुआ है। साफ शब्दों में कहें तो किसान-मजदूर-कारीगर, युवा, महिलाएं, कुटीर-लघु कारोबारी आदि के हितादूसरा, रामनवमी के दिन ही इंडिया गठबंधन के पहले संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन होने और इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा नेता अखिलेश यादव द्वारा देशवासियों और पत्रकारों को रामनवमी की बधाई देने का स्पष्ट मकसद है कि इंडिया गठबंधन सनातन मर्यादाओं की उपेक्षा अब नहीं करेगा। क्योंकि 2014 और 2019 का नजीर उसके सामने है। लिहाजा, 2024 में पुरानी गलतियों से सबक लेने की कोशिश की गई है। शुरुआत भी अच्छी है। तीसरा, इस प्रेस वार्ता में राहुल गांधी का यह कहना कि ये चुनाव विचारधारा का चुनाव है, काफी अहम है। उनके शब्दों में, एक तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन देश में लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रही है।÷ इससे साफ है कि कांग्रेस अपने पुराने मुद्दे पर अडिग है और सावधानी पूर्वक नए मुद्दों से खुद को जोड़ रही है, जो अच्छी बात है।

चतुर्थ, बकौल राहुल गांधी, इस चुनाव में 2-3 बड़े मुद्दे हैं। वह है महंगाई, बेरोजगारी और भागीदारी। लेकिन इसके बारे में ना तो प्रधानमंत्री बात कर रहे हैं और ना ही बीजेपी बात कर रही है। यही वजह है कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर सीधे हमला बोलते हुए कहा कि हमारे प्रधानमंत्री कभी मुद्दों पर बात नहीं करते। मुद्दों पर बात करने की बजाय कभी वह समुद्र की गहराईयों में चले जाते हैं, तो कभी वह आसमान में सी प्लेन पर चले जाते हैं। संभवतया जनता भी इस बात को समझने लगी है, जिससे यूपी में राहुल-अखिलेश का ग्राफ ऊंचा उठने के संकेत मिलने लगे हैं।

पांचवां, राहुल गांधी ने कहा कि पीएम ने एक साक्षात्कार में इलेक्टोरल बॉन्ड को सही बताया और चुनाव में पारदर्शिता लाने के लिए इसे जरूरी बताया। यदि यह सच है तो इस सिस्टम को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द क्यों किया। उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों ने भाजपा को चुनाव के नाम पर करोड़ों की रकम दी, भाजपा उनका नाम क्यों नहीं उजागर कर रही है। उन्होंने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए यहां तक कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड अपने आपमें दुनिया का सबसे बड़ा संगठित घोटाला है। इसमें सरकारी एजेंसी और बीजेपी नेतृत्व की दोनों भूमिका संदेहास्पद है। इस प्रकार इलेक्टोरल बांड सबसे बड़ा एक्सटॉर्शन है। पीएम मोदी भ्रष्टाचार के चैंपियन हैं। विपक्ष के नेता का ऐसा तेवर तभी दिखता है, जब सत्तारूढ़ सरकार का अवसान सुनिश्चित होने का फीडबैक कार्यकर्ता देते हैं। छठा, राहुल गांधी से पहले संवाददाता सम्मेलन की शुरुआत करते हुए अखिलेश यादव का यह कहना कि मुझे खुशी है आज हम मिलकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं, बेहद अहम है। उन्होंने तो साफ कहा कि यूपी में गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक भाजपा का सफाया होने जा रहा है। भाजपा की हर बात झूठी निकली। न किसान की आय दोगुनी हुई, न युवाओं को रोजगार मिला, विकास के वादे भी अधूरे हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड ने इनकी पोल खोल दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गई है। लूट और झूठ भाजपा की पहचान बन गई है। इसलिए मोदी-योगी सरकार से मुक्ति के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। कार्यकर्ताओं को तालमेल बिठाकर चलना होगा। सप्तम, अखिलेश यादव का यह कहना कि गाजियाबाद यानी पश्चिम उत्तरप्रदेश से चल रही हवा पूर्वी यूपी में गाजीपुर तक जाएगी और पूरे देश में बदलाव लाएगी। हमारा इंडिया गठबंधन गाजियाबाद से गाजीपुर तक क्लीन स्वीप करेगा। हमें पूरी उम्मीद है कि इस बार केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, काफी अहम है। उनका यह कहना कि इस बार पश्चिम से बदलाव की हवा चली है। जनता भाजपा के झूठ और वादा खिलाफी से तंग आ चुकी है। इलेक्टोरल बॉन्ड ने भाजपा की बैंड बजा दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बनकर रह गई है। उनकी इन बातों से साफ संकेत मिलता है कि उनके द्वारा शुरू किया हुआ पीडीए अभियान अपनी जमीनी पकड़ बना चुका है, जिसका आत्मविश्वास उनके शब्दों से झलक रहा है। कांग्रेस को भी इसका फायदा मिलेगा। अष्टम, आगामी चुनाव में सीटों की संख्या को लेकर पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए राहुल गांधी का यह कहना कि पहले उन्हें लगता था कि बीजेपी 180 सीट जीत जाएगी, लेकिन अब उन्हें लग रहा है कि बीजेपी 150 सीटों पर सिमट जाएगी। इससे साफ जाहिर है कि मीडिया रिपोर्ट के उलट भी उनका जमीनी तंत्र सक्रिय है और उन्हें लगातार फीडबैक मिल रहे हैं। तभी तो उन्होंने कहा कि हर राज्य से रिपोर्ट मिल रही है कि हम अच्छा कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में हमारा गठबंधन बहुत मजबूत है और हम अच्छा करेंगे। नवम, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने साफ कहा है कि गठबंधन तीन प्रमुख मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है। इसमें पहला बेरोजगारी, दूसरा महंगाई और तीसरा भागीदारी है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में हर बार परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होता है जिससे लाखों युवा आहत होते हैं। इसलिए, जब गठबंधन की सरकार आएगी तो वह युवाओं को रोजगार देगी। वहीं, प्रत्येक परिवार की एक महिला को सालाना एक लाख रुपये देगी। वहीं, जातीय जनगणना कराकर पिछड़े लोगों को आगे ले जाने का काम करेगी। दशम, इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा के पक्ष में वोट करने की अपील के लिए आहूत इस संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बागपत से सपा प्रत्याशी अमरपाल शर्मा के अलावा अन्य दो गठबंधन प्रत्याशियों को साथ खड़ा करके पत्रकारों को सामूहिक फोटो दिए। इस दौरान उन्होंने अपने गठबंधन के सभी प्रत्याशियों के लिए मतदान करने की अपील की।

वहीं, मंच पर राष्ट्रीय महासचिव व उत्तरप्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, उत्तरप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय, एआईसीसी के संचार प्रमुख जयराम रमेश, सोशल मीडिया प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत, पूर्व सपा मंत्री शाहिद मंजूर व अन्य राजनेतागण की उपस्थिति से साफ संकेत मिलता है कि रणनीतिक स्तर पर पार्टी और गठबंधन कोई चूक करना नहीं चाहते हैं। वहीं, डॉली शर्मा द्वारा आयोजित किये गए इस शानदार व बेमिसाल प्रेस कॉन्फ्रेंस ने अन्य प्रत्याशियों में भी होड़ पैदा करने का कार्य कर चुकी है, जो सबके बस की बात नहीं है। खास बात यह कि पत्रकारों ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव की कमजोरी और मजबूती को लेकर, इंडिया गठबंधन और एनडीए को लेकर जितने भी तल्ख सवाल किए, उसका बेलाग जवाब देकर दोनों नेताओं ने यह साबित कर दिया कि यूपी में कोई नया सियासी गुल खिलाएगी राहुल-अखिलेश की जोड़ी। तैयारी पूरी है, बस जनादेश की जरूरत है, जिसके लिए तमाम सधी हुई पहल की जा रही

भाजपा के सिंघम को तमिलनाडु की राजनीति में बड़ा बदलाव लाने से कोई नहीं रोक सकता

//नीरज कुमार दुबे //

तमिलनाडु उन राज्यों में शुमार है जहां लोकसभा चुनावों के पहले चरण के दौरान सभी सीटों पर मतदान कराया जायेगा। मतदाता लोकसभा चुनावों में इस बात का फैसला करेंगे कि दिल्ली में किसकी सरकार बनेगी या प्रधानमंत्री कौन बनेगा। लेकिन इसके साथ ही राज्य का मतदाता इस बात का भी फैसला करने जा रहा है कि तमिलनाडु का राजनीतिक भविष्य कैसा होगा। प्रभासाक्षी की चुनाव यात्रा जब तमिलनाडु पहुँची तो हमने शहरी और ग्रामीण मतदाताओं के मन को टटोला। राजनीतिक दलों के बारे में पूछे जाने पर तो मतदाताओं की राय अलग-अलग रही लेकिन जब तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई के बारे में हमने प्रश्न पूछा तो सभी के चेहरे की खुशी देखते ही बनती थी। ऐसा लग रहा था कि तमिलनाडु की जनता अन्नामलाई को अपना भविष्य का नेता मान चुकी है।

अन्नामलाई की सहजता, सुलभता और सहृदयता के सभी कायल दिखे। जिस तरह अन्नामलाई आम आदमी के हितों से संबंधित मुद्दे उठा रहे हैं उससे सिर्फ गरीब व्यक्ति ही नहीं बल्कि अमीर व्यक्ति भी प्रभावित दिखे। यहां हमें एक बात और महसूस हुई कि जिस तरह देशभर में भाजपा मतलब मोदी है उसी तरह तमिलनाडु में भाजपा मतलब अन्नामलाई दिखा। अन्नामलाई ने राज्य भर की अपनी यात्रा के दौरान प्रदेश के कोने-कोने में अपनी पार्टी की जड़ें मजबूत की हैं। संभव है इसका पूरा परिणाम इस लोकसभा चुनाव में नहीं दिखे लेकिन आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में भाजपा चमत्कार कर सकती है। तमिलनाडु की राजनीति द्रमुक और अन्नाद्रमुक के बीच घूमती रही है लेकिन अब भाजपा यहां तेजी से आगे बढ़ रही है। लोगों से बातचीत में हमने पाया कि भाजपा तमिलनाडु में मुख्य विपक्ष का स्थान ले चुकी है। आंकड़ों के लिहाज से अन्नाद्रमुक भले मुख्य विपक्षी पार्टी हो लेकिन उसके अंदर भारी बवाल मचा हुआ है दूसरी ओर भाजपा पूरी एकजुटता के साथ आगे बढ़ रही है।

जहां तक भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी कृष्णस्वामी अन्नामलाई की बात है तो वह जिस तरह की राजनीति कर रहे हैं उसको देखते हुए लगता नहीं कि उन्हें राजनेता बने हुए चार साल ही हुए हैं। वह जिस कोयम्बटूर क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं वहां उनकी दीवानगी देखते ही बन रही है। चुनाव प्रचार के दौरान अन्नामलाई जिस क्षेत्र में पहुँचते वहां पटाखे फोड़कर और ढोल की थाप के साथ उनका स्वागत किया जाता रहा। उनकी भगवा मिनी बस को देखने के लिए लोग घंटों तक खड़े रह कर इंतजार करते दिखे। सफ़ेद धोती-कुर्ता पहने और टेढ़ी-मेढ़ी दाढ़ी तथा बिखरे हुए बाल वाले अन्नामलाई जैसे ही अपनी मिनी बस की छत पर आते वैसे ही उनके प्रति लोगों की दीवानगी देखते ही बनती थी। अन्नामलाई अपने दल को देखने के लिए लोग वोटों और विकास के लिए मोदी और भाजपा को वोट देने की अपील करते। इस दौरान भीड़ का जोश देखते ही बनता था। अपने चुनावी भाषणों में अन्नामलाई राज्य में सत्तारुढ़ द्रमुक और इंडिया गठबंधन के दलों की वंशवादी राजनीति और भ्रष्टाचार पर खूब प्रहार करते रहे। अन्नामलाई अपने चुनाव प्रचार के दौरान गरीबों के घर भोजन भी करते रहे। अन्नामलाई आईपीएस अधिकारी पद पर कार्य करने के दौरान भी उतने ही मृदुभाषी थे जितने आज हैं। वह अपने वक्तृत्व कौशल और जुझारूपन के लिए सिंघम के नाम से भी जाने जाते हैं। अन्नामलाई की उम्र मात्र 39 साल है और वह तमिलनाडु में अब तक के सबसे कम उम्र के भाजपा अध्यक्ष हैं। भाजपा जिस तरह तमिलनाडु के युवाओं को आगे बढ़ा रही है उसके चलते खासतौर पर पहली बार मतदान करने वाले युवाओं का झुकाव भाजपा की ओर नजर आया। जब हमने लोगों से बात की तो उन्होंने कहा कि अन्नामलाई में बदलाव लाने की क्षमता है और उनका जुझारूपन तमिलनाडु की जनता को बड़े लाभ दिलवा सकता है। तमिलनाडु में पिछले दो चुनावों में भाजपा का अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन रहा। गठबंधन के तहत 2019 के लोकसभा चुनावों में तो भाजपा को कोई सीट नहीं मिली लेकिन तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में उसे जरूर चार सीटें मिल गयीं। इस बार भाजपा ने बड़ा दांव खेलते हुए अकेले लड़ने का फैसला किया और पार्टी कुछ छोटी पार्टियों के साथ तालमेल करके पूरी तरह अन्नामलाई के नेतृत्व में चुनाव में उतरी है। अन्नामलाई को जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भाजपा के आला नेताओं का आशीर्वाद हासिल है उसको देखते हुए राज्य में पार्टी के सभी नेता भी अन्नामलाई के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं। तमिलनाडु में भाजपा ने अन्नाद्रमुक के दूसरे गुट के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री ओ. पनीरसेल्वम को अपने साथ रखा है। भाजपा समझ रही है कि जयललिता के बाद अन्नाद्रमुक का आधार खत्म हो रहा है।

हालांकि जनता के बीच जयललिता के प्रति अब भी स्नेह है। इसलिए भाजपा ने पनीरसेल्वम को अपने साथ रखा हुआ है ताकि जयललिता से जुड़े रहे मतदाता भगवा दल के साथ जुड़ जायें। यदि भाजपा अन्नाद्रमुक के वोटबैंक को हथियाने में कामयाब रहती है तो तमिलनाडु की राजनीति में बड़ा बदलाव आ सकता है। भाजपा त्रिपुरा में वामपंथियों का गढ़ उखाड़ कर, बंगाल में तेजी से अपना आधार बढ़ा कर और गुजरात में तीन दशकों से अपना गढ़ बचाये रखने जैसे कई करिश्मे करके दिखा चुकी है इसलिए उसके इस दावे पर संदेह नहीं किया जा सकता कि तमिलनाडु में आने वाले दिनों में उसका राज होगा। जहां तक अन्नामलाई के परिचय की बात है तो आपको बता दें कि वह कोयंबटूर से लगभग 130 किमी दूर करूर जिले के एक किसान परिवार से आते हैं। वह राज्य के प्रभावशाली गौंडर समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। आईआईएम लखनऊ से एमबीए करने से पहले अन्नामलाई ने कोयंबटूर के एक प्रसिद्ध कॉलेज से इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की थी। उन्होंने कर्नाटक में एक पुलिस अधिकारी के रूप में आठ साल (2011-19) तक सेवा की। आईपीएस और पुलिस बल छोड़ने के बाद, उन्होंने एक एनजीओ की स्थापना की, जिसने पर्यावरण परिवर्तन पर काम किया। अन्नामलाई को पूर्व मुख्यमंत्री एडप्पादी पलानीस्वामी (ईपीएस) के नेतृत्व वाले अन्नाद्रमुक नेतृत्व के लिए भी खतरा माना जाता है। हम आपको बता दें कि पलानीस्वामी भी संयोग से गौंडर जाति से हैं। पिछले साल, अन्नामलाई ने एन मन, एन मक्कल (मेरी भूमि, मेरे लोग) नाम से एक कठिन राज्यव्यापी यात्रा शुरू की थी, जिसने सभी 234 विधानसभा क्षेत्रों को कवर किया और काफी लोकप्रियता हासिल की।

तस्वीरों की दुनिया

राजस्थान की डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने जयपुर में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए वोट डालने के बाद अमिट स्याही लगी अपनी उंगली दिखाई।

उधमपुर में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए वोट डालने के बाद एक नवविवाहित जोड़ा अमिट स्याही से लगी अपनी उंगलियों को दिखाता हुआ।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस नागपुर में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए वोट डालने के बाद अमिट स्याही लगी अपनी उंगली दिखाते हुए।

लोकसभा चुनाव के लिए अमरोहा के गजरौला में एक जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

लोकसभा चुनाव के लिए अमरोहा के गजरौला में एक जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया गया।

औरंगाबाद में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए वोट डालने के बाद एक मतदाता अमिट स्याही लगी उंगली दिखाती हुई।

दस साल गड्डे भरने में लगे, अब तैयार होगा विकसित भारत, अमित शाह ने गांधीनगर सीट से भरा नामांकन

गांधीनगर, 20 अप्रैल [एजेंसी]।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गांधीनगर लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के बाद शाह ने कहा कि पिछली यूपीए सरकार द्वारा बनाए गए गड्डे भरने में 10 साल लग गए। अगले पांच साल का उपयोग विकसित भारत के लिए मजबूत आधार तैयार करने में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस गांधीनगर लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी कर चुके हैं और पीएम मोदी जिस निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता हैं उस क्षेत्र से चुनाव लड़ना मेरे लिए यह गौरव का विषय है। मैं इस क्षेत्र से 30 साल से जुड़ा हूं। यहीं से बूथ कार्यकर्ता से लेकर विधायक, सांसद बना। केंद्रीय मंत्री पद तक पहुंचा। पार्टी अध्यक्ष भी रहा। उन्होंने कहा,आपके प्यार की बदौलत मैं साधारण बूथ कार्यकर्ता से अब संसद सदस्य बन गया हूं। जब भी मैंने गांधीनगर के लोगों से वोट मांगा, उन्होंने मुझे आशीर्वाद दिया। केंद्रीय मंत्री शाह ने विजय मुहूर्त में दोपहर 12.39 बजे गांधीनगर के कलेक्टर और जिला चुनाव अधिकारी एमके दवे को भाजपा उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र सौंपा। शाह के साथ उनकी पत्नी सोनल शाह और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की भी मौजूदगी रही।नामांकन के बाद पत्रकार वार्ता में शाह ने कहा कि यह चुनाव नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है ताकि वह 2047 तक भारत को विकसित देश बना सकें। मोदीजी ने 2047 तक भारत को विकसित देश और सभी क्षेत्रों में नंबर एक देश बनाने का संकल्प लिया है। इसके लिए अगले पांच साल महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि पिछले 10 साल पिछली यूपीए सरकार द्वारा बनाए गए गड्ढों को भरने में चले गए। आगामी पांच साल विकसित भारत की भव्य इमारत बनाने के लिए देश की जनता का समर्थन चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल का धन्यवाद जताते हुए कहा कि राज्य व केंद्र सरकार की मदद से गांधीनगर क्षेत्र में पांच साल में 22 हजार करोड रुपये से अधिक के विकास कार्य कराया गया है। उन्होंने कहा,मोदी जी ने देश को सुरक्षित बनाया है।

80 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में उम्मीद की किरण जगाई है। मोदी जी को तीसरी बार सत्ता में लाने का उत्साह पूरे देश में नजर आता है। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अमित शाह ने 2019 के आम चुनाव में गांधीनगर निर्वाचन क्षेत्र से पांच लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी। गुजरात की सभी 26 लोकसभा सीटों पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। नामांकन से एक दिन पहले शाह ने गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के छह विधानसभा क्षेत्रों में विजय शंखनाद रोडशो किया। भीषण गर्मी के बावजूद शाह के रोडशो में जनसैलाब उमड़ा। नवसारी से भाजपा प्रत्याशी एवं गुजरात भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल, जामनगर से भाजपा प्रत्याशी पूनम माडम ने भी शुक्रवार को नामांकन भरा। उधर राजकोट से भाजपा उम्मीदवार परशोत्तम रुपाला के खिलाफ कांग्रेस प्रत्याशी परेश धनाणी ने नामांकन दाखिल किया।

अरविंद केजरीवाल को जान से मारने की साजिश, इसमें एलजी सक्सेना भी शामिल, मंत्री आतिशी का गंभीर आरोप

नईदिल्ली, 20 अप्रैल [एजेंसी]।

सीएम अरविंद केजरीवाल को जेल में इंसुलिन न दिए जाने को लेकर आप ने बीजेपी पर जमकर हमला बोला। अरविंद केजरीवाल ने इस संबंध में कोर्ट में याचिका भी दायर की थी, जिस पर आज राऊज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है और इसपर सोमवार को फैसला आएगा। वहीं दिल्ली की मंत्री आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाया है। आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने इंसुलिन देने के लिए कोर्ट में याचिका दायर की। इस याचिका के विरोधमें दो वकील आए। यह वकील हैं योगेंद्र हांडू और बानी दीक्षित। ये दोनों वकील जेल प्रशासन की तरफ से कोर्ट में पेश हुए। ये दोनों वकील एलजी कार्यालय के स्पेशल काउंसिल हैं। इससे साबित होता है कि इस साजिश में एलजी कार्यालय भी शामिल है। उन्होंने कहा कि जैसी आजादी से पहले अंग्रेज जेल में भगत सिंह के साथ बरूरता करते थे, वैसे ही आज नरेंद्र मोदी की बीजेपी सरकार अपने विरोधी नेताओं के साथ कर रही है। बीजेपी और नरेंद्र मोदी सरकार का राजनैतिक हथियार ईडी है।

ईडी का काम मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच करना होता है। यहां ईडी अरविंद केजरीवाल के खाने पर सवाल उठा रही है। क्या उनके खाने में पैसे छुपाए हुए थे। आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल कोर्ट की हिरासत में हैं तो जेल प्रशासन ने किस नियम के तहत उनकी निजी जानकारी ईडी को दी। आजाद भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब जेल में किसी को दवा लेने से रोका जा रहा है। यह कोई हत्यारा या अपराधी नहीं बल्कि दिल्ली की जनता के चुने हुए मुख्यमंत्री हैं। नरेंद्र मोदी और उनकी बीजेपी सरकार केजरीवाल को दिए जाने वाला इंसुलिन रोककर उन्हें जान से मारने की साजिश रच रहे हैं।

चुनावी रंग को चटख कर रहे सोशल मीडिया पर प्रसारित मीम चुनाव आयोग ने भी कुछ इस अंदाज में शेयर किया पोस्ट

नईदिल्ली, 20 अप्रैल [एजेंसी]।

चुनावी माहौल में इंटरनेट पर मीम की भरमार है। राजनीतिक पार्टियां प्रचार के साथ ही एक दूसरे पर हमला बोलने, जबकि चुनाव आयोग वोटरों को मतदान केंद्र तक लाने के लिए इनका प्रयोग कर रहा है। मीम के साथ ही स्लोगन, पोस्टर, फिल्मी डायलाग का भी जमकर इस्तेमाल हो रहा है। इंस्टाग्राम हो या एक्स सभी जगह इनकी बाढ़ सी आ गई है। चुनाव आयोग ने लोगों को मतदान केंद्र तक लाने और खासकर पहली बार मतदान करने वालों को आकर्षित करने के लिए इस तरह के कई पोस्ट किए हैं। इनमें फिल्मों के डायलाग के साथ ही कई अन्य आकर्षित करने वाले स्लोगन शामिल हैं। चुनाव आयोग ने एक्स पर पोस्ट किया है कि हम मतदान को लेकर उत्साहित हैं, क्या आप भी तैयार हैं। आयोग की ओर से फिल्म ये जवानी है दीवानी के एक अदृश्य पर आधारित मीम का इस्तेमाल किया गया, जिसकी टैगलाइन थी मतदान से पहले पहली बार मतदाताओं का उत्साह।

साथ ही लोगों से जुड़ने के लिए स्थानीय भाषा में स्लोगन का भी प्रयोग किया गया। जैसे अमार वोट, अमार दायित्वो। राजस्थान में मतदाताओं को दिखाने वाली तस्वीरों के साथ एक्स पर पधारो म्हारे पोलिंग बूथ जैसी पंक्तियों का इस्तेमाल किया गया। वहीं, राजनीतिक पार्टियों ने एक दूसरे पर हमले और प्रचार के लिए इसका प्रयोग किया है। भाजपा के सोशल मीडिया फीड पर मुख्य रूप से तस्वीरें और नारे हावी रहे हैं। जैसे मोदी की गारंटी और विकास भी, विरासत भी। वहीं, कांग्रेस ने एक्स पर वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें भाजपा पर व्यंग्यात्मक टैगलाइन, बेरोजगारी बहुत है, बाकी सब ठीक है, के साथ कटाक्ष किया गया।

इजरायल ने ईरान के सैन्य ठिकाने पर किए ताबड़तोड़ हमले, एयर इंडिया ने तेल अवीव जाने वाली सभी उड़ानें कीं स्थगित

तेहरान। इजरायल ने भारतीय समयानुसार शुक्रवार सुबह ईरान पर हमला कर उसके सैन्य ठिकाने को नुकसान पहुंचाने का दावा किया है। इजरायल ने यह हमला रविवार रात ईरान के दागे 300 से ज्यादा ड्रोन और मिसाइलों के जवाब में किया। लेकिन इजरायल सरकार के किसी उच्चपदस्थ व्यक्ति ने ईरान में हुए हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, हमले का दावा सरकारी सूत्रों के जरिये इजरायली मीडिया ने किया है।ईरान ने इस हमले को गंभीरता से नहीं लिया है। कहा है कि इस हमले से कोई नुकसान नहीं हुआ है। ईरान ने ताजा हमले के जवाब में इजरायल पर कोई हमला करने की मंशा भी जाहिर नहीं की है। इस हमले के बाद सर्वाधिक संपन्न लोकतांत्रिक देशों के समूह जी 7 ने दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है। ईरानी मीडिया के अनुसार ईरान के शहर इस्फहान में कुछ विस्फोटों की आवाज सुनी गई।

इस तरह तो फैल जाएगी अराजकता, नॉमिनेशन रद्द मामले में सुप्रीमकोर्ट पहुंचा उम्मीदवार तो CJI चंद्रचूड़ ने की तल्ख टिप्पणी

नईदिल्ली, 20 अप्रैल [एजेंसी]।

लोकसभा चुनाव में एक निर्दलीय उम्मीदवार के नामांकन पत्र रद्द होने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि अगर कोर्ट नॉमिनेशन रद्द होने के खिलाफ दायर की गई याचिकाओं पर विचार करना शुरू कर दिया तो अराजकता फैल जाएगी। कोर्ट ने यह कड़ी टिप्पणी बिहार के एक व्यक्ति की याचिका को खारिज करते हुए की। दरअसल, बिहार के बांका बांका सीट से जवाहर कुमार झा ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दायर किया था। हालांकि, रिटर्निंग ऑफिसर ने उनके नॉमिनेशन को रद्द कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने आरओ पर मनमाने और दुर्भावनापूर्ण रवैया पर अंकुश लगाने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि अगर हम नामांकन पत्रों की अस्वीकृति के खिलाफ संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत याचिकाओं पर विचार करना शुरू कर देंगे तो अराजकता होगी। कोर्ट ने कहा कि आपको चुनाव कानून के अनुशासन का पालन करना होगा। पीठ ने कहा कि उम्मीदवार के नामांकन पत्र रद्द के खिलाफ दायर याचिका पर हम सुनवाई के इच्छुक नहीं है।

याचिकाकर्ता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए अपनी याचिका में कहा कि किसी विशिष्ट परिभाषा के अभाव में आरओ अक्सर कई उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों को पूरी तरह से मनमाने तरीके से खारिज कर देते हैं। याचिकाकर्ता ने देश भर के आरओ को निर्देश देने की भी मांग की थी कि चुनाव नामांकन पत्रों में चिह्नित किसी भी गलती को ठीक करने के लिए प्रत्येक उम्मीदवार को कम से कम एक दिन का अनिवार्य रूप से समय दिया जाए।

चार साल की बच्ची को अगवा कर पत्थर से कुचलकर निर्मम हत्या, दुकान से सामान खरीदने गई थी, छानबीन में जुटी पुलिस

मुरादनगर, 20 अप्रैल [एजेंसी]।

थाना क्षेत्र के खिमावती गांव में शुक्रवार देर शाम अपहरण के बाद चार वर्षीय बच्ची की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। बच्ची का शव घर से 100 मीटर दूर सड़क किनारे कपड़े से लिपटा मिला। वह शाम को पड़ोस में दुकान से सामान लेने गई थी। घटना को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया है। सूचना पर डीसीपी ग्रामीण समेत पुलिस के आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। गुस्साए स्वजन व ग्रामीणों ने आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा किया। पुलिस ने घटना का पर्दाफाश करने का आश्वासन देकर शांत किया। स्वजन की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस की चार टीमें घटना के पर्दाफाश के लिए लगाई गई हैं।थाना क्षेत्र के खिमावती गांव में व्यक्ति एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। पत्नी व चार वर्षीय बच्ची के रहते हैं। बच्ची नर्सरी कक्षा की छात्रा थी। वह शुक्रवार शाम को पड़ोस में दुकान से सामान लेने के लिए गई थी, लेकिन काफी देर भी घर नहीं लौटी। बच्ची के गायब होने पर स्वजन व आसपास के लोग तलाश में जुटे। रात करीब नौ बजे बच्ची का शव घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर सड़क किनारे एक खंडहर में मिला। बच्ची के सिर को पत्थर से बुरी तरह से कुचला गया था। शव कपड़े में लिपटा था। हाथ व पैर पर भी चोटे के निशान मिले। शव मिलने की सूचना थोड़ी ही देर में पूरे गांव में फैल गई। थोड़ी ही देर में बच्ची के स्वजन समेत आसपास के बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। सूचना पुलिस को मिली अधिकारियों की बेचैनी बढ़ गई। आनन-फानन में डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद यादव, एसीपी मसूरी नरेश कुमार भारी पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन में जुटे। बच्ची की हत्या से गुस्साए स्वजन व आसपास के लोगों ने भी हंगामा शुरू कर दिया।

आरोपित की गिरफ्तारी होने पर ही बच्ची का शव पोस्टमार्टम को भेजने की मांग पर अड़े रहे।किसी तरह पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समझा कर शांत किया और शव पोस्टमार्टम को भेजा। एसीपी मसूरी नरेश कुमार ने बताया कि शव के सिर पर गहरी चोट का निशान मिला है। प्राथमिक जांच में दुष्कर्म जैसी बात सामने नहीं आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। उसी से मौत का सही कारण पता चलेगा। फिलहाल टीमें काम में लगी हैं। जल्द घटना का पर्दाफाश होगा।

अपना दल कमेरावादी को हाई कोर्ट से झटका लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी उतारने के लिए पार्टी हैरान

लखनऊ, 20 अप्रैल [एजेंसी]।

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अपना दल कमेरावादी को लिफाफा चुनाव चिह्न आवंटित करने की मांग वाली एक याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने याचिका को पोषणीयता के आधार पर खारिज किया। न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व जस्टिस बृजराज सिंह की पीठ ने अपना दल कमेरावादी की ओर से अध्यक्ष कृष्णा पटेल की दाखिल याचिका पर यह आदेश पारित किया है। याचिका में मांग की गयी थी कि कोर्ट चुनाव आयोग को आदेश दे कि वह याची को लिफाफा चुनाव चिह्न आवंटित करे। कोर्ट ने कहा कि आचार संहिता लागू हो जाने के बाद चुनाव प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है, लिहाजा सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों व संविधान के अनुच्छेद 329 बी के तहत रिट याचिका पोषणीय नहीं है। याचिका में कहा गया था कि याची की पार्टी चुनाव आयोग में पंजीकृत है। हालांकि यह एक गैरमान्यता प्राप्त राजनीतिक दल है। 22 दिसम्बर 2023 को याची की पार्टी की ओर से चुनाव चिन्ह आवंटित करने संबंधी प्रार्थना पत्र आयोग को दिया गया था।

इस पर संयुक्त निर्वाचन अधिकारी ने रिपोर्ट दी कि पार्टी की ओर से योगदान रिपोर्ट और वार्षिक आय-व्यय ब्यौरा नहीं दिया है। इस आधार पर पार्टी के प्रार्थना पत्र पर विचार नहीं किया गया। याचिका में कहा गया कि चुनाव चिह्न का आवंटन न होने के कारण पार्टी आम चुनावों में अपने प्रत्याशी नहीं उतार पा रही है। याचिका का चुनाव आयोग की ओर से विरोध करते हुए कहा गया कि पार्टी की ओर से भेजा गया प्रार्थना पत्र अपूर्ण होने के कारण खारिज किया गया है।

अंडमान की शोम्पेन जनजाति के लोगों ने पहली बार किया मतदान, देश में कई जगहों पर हुआ वोटिंग का बहिष्कार

पोर्ट ब्लेयर। अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में पहली बार विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) शोम्पेन जनजाति के सात सदस्यों ने इस केंद्र शासित प्रदेश की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शोम्पेन जनजाति के सदस्यों ने न सिर्फ शोम्पेन हट नामक मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया बल्कि चुनाव आयोग द्वारा बनाए गए एक कटआउट पर सेल्फी भी ली जिस पर लिखा था, मतदान जरूर करें। जनजाति के लोगों की माथियास (एक निकोबारी आदिवासी युवा) के रूप में जाने जाने वाले दुभाषिये ने उनकी भाषा में मदद की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी बीएस जगलान ने बताया कि इन लोगों को पहले एक प्रशिक्षक के जरिये ईवीएम और वीवीपेट का प्रशिक्षण दिया गया था। यह देखकर अच्छा लगा कि उन्होंने जंगल से बाहर आकर पहली बार मतदान किया। उन्होंने बताया कि 98 शोम्पेन मतदाताओं में से पहली बार इन सात ने मतदान किया है। 2011 की जनगणना में इस जनजाति के 229 लोग थे। छत्तीसगढ़ में बस्तर जिले के 56 गांवों में लोगों ने पहली बार मतदान किया।

युद्ध लड़ने के तरीकों में आया बदलाव..., वायुसेना प्रमुख बोले- भूमि, समुद्र व वायु क्षेत्रों की सीमाएं हो रही धुंधली

नईदिल्ली, 20 अप्रैल [एजेंसी]।

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा है कि भूमि, समुद्र, वायु, साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्र की पारंपरिक सीमाएं तेजी से धुंधली होती जा रही हैं, जिससे युद्ध लड़ने के तरीकों में बदलाव आ रहा है।भारतीय रक्षा अंतरिक्ष संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए वायुसेना प्रमुख ने यह भी कहा कि हमारी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखने के लिए क्षमताओं का विकास किया जाना चाहिए जो अंतरिक्ष में हमारे हितों की रक्षा करें। वायुसेना प्रमुख ने कार्यक्रम को पहले से रिकार्ड किए गए वीडियो के जरिये संबोधित किया। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि नई प्रौद्योगिकियों में तेजी से बदलाव आ रहा है और अंतरिक्ष को निजी क्षेत्रों के लिए खोल दिया गया है। इसके चलते पहले से स्थापित योजनाओं में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। नई संभावनाएं नए समाधान और बाहरी अंतरिक्ष तक कम लागत वाली पहुंच के लिए नया नजरिया प्रस्तुत कर रही हैं।

हालांकि, इन नई संभावनाओं के साथ नए खतरे भी सामने आ रहे हैं।वीआर चौधरी ने कहा कि निजी उद्यमियों की बढ़ती भागीदारी से हम देख रहे हैं कि अंतरिक्ष क्षेत्र लोकतांत्रिक हुआ है। आम आदमी की अंतरिक्ष यात्रा 25 साल पहले एक सपना थी, लेकिन आज यह एक सच्चाई है। निजी उद्यमियों और सेना द्वारा अंतरिक्ष के बढ़ते दोहन के साथ निश्चित रूप से इस क्षेत्र का महत्व बढ़ गया है। मानेकशा सेंटर में आयोजित होने वाली संगोष्ठी में सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी और अंतरिक्ष उद्योग के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

कांग्रेस की परिचय बैठक में भिड़े कन्हैया, संदीप और बाबरिया काफी समय तक चली बहसबाजी, हाईकमान तक पहुंची बात

नईदिल्ली, 20 अप्रैल [एजेंसी]।

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार शाम उस समय खासा हंगामा हो गया जब वहां उत्तर पूर्वी दिल्ली से पार्टी प्रत्याशी कन्हैया कुमार और क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसियों के बीच परिचय बैठक चल रही थी। इस दौरान पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, कन्हैया और पार्टी के प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया में काफी बहसबाजी हुई। कहने को इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली सहित और भी अनेक नेता मौजूद थे, लेकिन ज्यादातर तमाशबीन ही बने रहे।जानकारी के मुताबिक टिकट मिलने के बाद शुक्रवार को कन्हैया कुमार पहली बार प्रदेश कार्यालय पहुंचे थे। इस बैठक का उद्देश्य चुनावी रणनीति भी तैयार करना था, लेकिन बैठक बेनतीजा ही खत्म हो गई।सूत्र बताते हैं कि उत्तर पूर्वी सीट से पूर्व सांसद संदीप दीक्षित भी टिकट मांग रहे थे, लेकिन पार्टी हाईकमान ने कन्हैया को दे दिया। इससे संदीप खासे नाराज थे। बताया जा रहा है कि बैठक में संदीप थोड़ा देरी से पहुंचे, तो मंच के सामने पीछे की ओर ही बैठ गए। इस पर लवली ने उनसे आगे आने को कहा।

लेकिन संदीप ने मना कर दिया तो लवली ने फिर जोर देते हुए उन्हें आगे आने को कहा। कन्हैया ने भी अपनी सीट से उठते हुए, संदीप को अपनी सीट पर बैठने का आग्रह किया। इस पर ही संदीप भड़क उठे और वह कन्हैया को भला-बुरा कहने के साथ-साथ बाहरी कहने लगे। इस पर बाबरिया भी भड़क उठे। उन्होंने संदीप को नसीहत देते हुए शांत रहने के लिए कहा, लेकिन संदीप गुस्से में लगातार कन्हैया को टार्गेट करते रहे। तब कन्हैया ने भी धीरे से कह दिया कि आप तो भाजपा की भाषा बोल रहें है। कन्हैया का यह कहना था कि संदीप और भड़क उठे। अन्य वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें काफी शांत कराने के लिए कोशिश की लेकिन वह चुप नहीं हुए। संदीप ने बाबरिया को भी नहीं बख्शा। हंगामा काफी देर तक चलता रहा। इस मौके पर कुछ अपशब्द भी बोले गए।

इस क्षेत्र के एक-दो कांग्रेसी नेताओं ने भी संदीप का पक्ष लेते हुए कन्हैया को बाहरी का तमगा पहना दिया।सूत्रों का कहना है कि बैठक में कन्हैया के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया है, उसकी जानकारी हाईकमान को भी दे दी गई है। फिलहाल तो मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन मामला इतना संगीन है कि दबने वाला नहीं है।बैठक में पूर्व अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा. पूर्व विधायक हसन अहमद, मतीन अहमद और भीष्म शर्मा, अनिल भारद्वाज, जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद और आदेश भारद्वाज, अली महंदी आदि मौजूद थे। जब इस संदर्भ में बाबरिया और संदीप से प्रतिक्रिया मांगी गई तो दोनों ने ही अनजान बनते हुए यह कहकर बात टाल दी कि नहीं, नहीं ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।

सिर्फ सात मिनट में कनॉट प्लेस से गुरुग्राम पहुंच सकेंगे, 2026 से शुरू होगी, सिर्फ इतना आएगा खर्च

नई दिल्ली। देश की प्रमुख एयरलाइन इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज और अमेरिका की आर्चर एविएशन भारत में 2026 की शुरुआत में पूरी तरह इलेक्ट्रिक हवाई टैक्सी सेवा शुरू करेंगी। ये हवाई टैक्सियां यात्रियों को दिल्ली के कनॉट प्लेस से हरियाणा के गुरुग्राम तक सिर्फ सात मिनट में पहुंचाएंगी। सात मिनट की उड़ान की लागत लगभग 2,000 से 3,000 रुपये हो सकती है। आर्चर एविएशन 200 इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेक-ऑफ एंड लैंडिंग (ईवीटीओएल) विमान उपलब्ध कराएगी। विमान में चालक के अलावा चार यात्री सवार हो सकते हैं। ये विमान कम शोर और बेहतर सुरक्षा के साथ हेलीकॉप्टर की तरह चलते हैं। इन विमानों की कीमत लगभग एक अरब डॉलर होगी। प्रत्येक विमान में 12 रोटर होंगे। इंटरग्लोब और आर्चर एविएशन के संयुक्त उपक्रम के तहत दिल्ली के अलावा मुंबई और बेंगलुरु में भी ऐसी ही सेवाएं शुरू की जाएंगी। आर्चर एविएशन के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एडम गोल्डस्टीन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी नियामक फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) के साथ चर्चा चल रही है और उसके विमानों के लिए प्रमाणन प्रक्रिया अंतिम चरण में है। प्रमाणीकरण अगले वर्ष होने की उम्मीद है और एक बार यह लागू हो जाने पर नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से प्रमाणन के लिए प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा इस मौसम में

कोरिया। गर्मी के मौसम में जिस तरह सूर्य की तेवर से लोग हलकान है। घरों व कार्यालयों में पंखा, कूलर, एसी तेजी के साथ चलने लगा है। वहीं इस ग्रीष्म काल में होने वाले बीमारियों के प्रति जिला अस्पताल, बैकुंठपुर के मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी ने इन बीमारियों के लक्षण व बचने के उपायों के बारे में जानकारी दी है।

बता दें ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने की वजह से हर वर्ष गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, जो कि औसतन एक से दो डिग्री सेंटीग्रेट है।स्वास्थ्य विभाग ने गर्मी से बचाव के लिए सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में ओ.आर.एस. कॉर्नर बनाने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे कि गर्मी के प्रकोप से होने वाले प्रभाव व रोगों को ठीक किया जा सके।

कोरिया कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में लू से संबंधित मौसमी बीमारियों से संबंधित दवाइयों का भण्डारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस. सेंगर ने गर्मी के मौसम में होने वाले बीमारियों के कारण, लक्षण व बचाव केवउपाय के बारे में विस्तार से जानकारी दी है।

हीट स्ट्रोक के लक्षण

1. सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना
2. तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना
3. चक्कर और उल्टी आना
4. कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना
5. शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना
6. अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना
7. भूख कम लगना
8. बेहोश होना

लू लगने का कारण

तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी की खनिज तत्व मुख्यत: नमक की कमी होने कारण लू लगने की प्रबल सम्भवना बनी होती है।

बचने के उपाय, इन बातों का रखें ध्यान-

1. बहुत अनिवार्य हो तो तभी घर से बाहर जाना चाहिए
2. धूप में निकलने से पहले सिर व कानो को कपड़े से अच्छी तरह से बांध ले
3. पानी अधिक मात्रा में पीये
4. अधिक समय तक धूप में न रहे
5. गर्मी के दौरान नरम, मुलायम सूती के कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा व कपड़े पसीने को सोखते रहे
6. अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. घोल पीये
7. चक्कर आने, मितली आने पर छायादार स्थान पर आराम करें तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें
8. प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से नि: शुल्क परामर्श लिए जा सकते हैं
9. उल्टी, सिर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र में सलाह जरूर लें

लू लगने पर करें प्रारंभिक उपचार

- बुखार पीडित व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी लगाएं
- अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलायें जैसे कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि
- पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटा देवें
- शरीर पर ठंडे पानी का छिडकाव करते रहें
- पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सक या अस्पताल में इलाज के लिए ले जाएं
- अपने नजदीकी मितानिन या ए.एन.एम. से ओ.आर.एस. की पैकेट प्राप्त करें

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आम लोगों से कहा है कि घर से बाहर जाते समय पानी अवश्य रखें और पानी पीते रहें। किसी भी प्रकार की लू लगने या गर्मी की वजह से बीमार होने पर तत्काल अस्पताल या स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर जांच, उपचार कराए।

तरबूज खा रहे हैं तो इसके बाद न करें ऐसी गलती

तरबूज खाना बहुत से लोगों को पसंद होता है. गर्मियों में इसका सेवन भी खूब होता है. तरबूज खाने से शरीर को कई लाभ मिलते हैं. हालांकि, तरबूज खाने के बाद कुछ चीजों का सेवन भूलकर भी नहीं करना चाहिए. इससे पेट की कई समस्याएं हो सकती हैं. एसिडिटी, गैस जैसी तकलीफें बढ़ सकती हैं. यहां चार ऐसी चीजों के बारें में आपको बता रहे हैं, जिसे कभी भी वॉटरमेलन खाने के बाद नहीं खाना चाहिए...

दूध

तरबूज खाने के बाद कभी भूलकर भी दूध नहीं पीना चाहिए. ऐसा करना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है. दरअसल, तरबूज में विटामिन सी पाया जाता है, जो दूध के साथ मिलकर रिएक्शन कर सकता है. इससे ब्लोटिंग की समस्या हो सकती है. खराब डाइजेशन और बदहजमी की शिकायत भी हो सकती है. इसलिए तरबूज और दूध का कॉम्बिनेशन अच्छा नहीं माना गया है.

नमक

तरबूज के बाद या इसके साथ कभी भी नमक नहीं खाना चाहिए, ऐसा करना हानिकारक हो सकता है. तरबूज के साथ नमक खाने से इसके पोषक तत्व शरीर में सही तरह अवशोषित नहीं हो पाते, जिससे ब्लड प्रेशर कम या ज्यादा हो सकती है और हार्ट की समस्या बढ़ सकती है.

हाई प्रोटीन फूड्स

तरबूज खाने के बाद कभी भूलकर भी हाई प्रोटीन फूड्स नहीं खाने चाहिए, वरना लेने के देने पड़ सकते हैं. डॉक्टर बताते हैं कि तरबूज में विटामिन और रफेज होने के साथ स्टार्च भी पाई जाती है, जो पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचा सकती है. इससे कई और समस्याओं भी परेशान कर सकती हैं.

अंडा

अंडा और तरबूज दोनें का सेवन कभी भी एक साथ नहीं करना चाहिए, दरअसल, दोनों की तासीर अलग-अलग होती है, जिससे ब्लोटिंग और कब्ज जैसी समस्याएं हो सकती हैं. दोनों पेट में जाकर एक-दूसरे को पचने नहीं देते हैं. इससे पाचन से जुड़ी प्रॉब्लम्स हो सकती हैं.

हुमा कुरैशी की आगामी फिल्म का नाम होगा गुलाबी, शुरू हुई शूटिंग

बीते महीने महिला दिवस के मौके पर हुमा कुरैशी ने अपनी नई फिल्म का एलान किया था। इस फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदार विपुल मेहता संभालेंगे। आज से इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है। साथ ही फिल्म के नाम से पर्दा उठ गया है। हुमा कुरैशी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी फैंस के साथ साझा की है। हुमा कुरैशी की अगली फिल्म का नाम गुलाबी है। इस फिल्म में हुमा कुरैशी आंटी चालक की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म में वह एक आंटी ड्राइवर और उसकी दृढ़ इच्छाशक्ति वाली महिला की सच्ची कहानी को दर्शकों के सामने पेश करती दिखेंगी। अपने नई फिल्म की घोषणा करते हुए हुमा ने सोशल मीडिया पर लिखा था, मैं विशाल राणा और जियो स्टूडियो के साथ नई फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हूं। आज अभिनेत्री ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसमें वह फिल्म विशाल राणा और विपुल मेहता के साथ नजर आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, फिल्म गुलाबी की शूटिंग शुरू हो चुकी है। अभिनेत्री के इस पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं।हुमा के फैंस के साथ-साथ तमाम सितारे भी हुमा को बधाई दे रहे हैं। नुपुर सेनन ने लिखा, आपको बहुत शुभकामनाएं। जूही परमार ने लिखा, गुड लक। वर्क फ्रंट की बात करें तो बीते दिनों हुमा कुरैशी अपनी चर्चित वेब सीरीज महारानी 3 को लेकर खूब चर्चा में रही हैं।

पसीने की बदबू से आप भी हैं परेशान, तो इन घरेलू उपाय को कर पा सकते हैं निजात

गर्मी के दिनों में पसीना आना आम बात है. लेकिन पसीना बदबू फैलाने लगे, तब यह शर्मिंदगी का कारण बन जाता है. ऐसे में कई लोग बाहर जाने से कतराते हैं. लेकिन रोजाना ऑफिस जाने वाले लोगों के लिए यह एक चिंता का विषय होता है. चाहे कितना भी परफ्यूम लगा लें. लेकिन उसके बाद भी पसीने की बदबू आपके पास से आती है, तो यह खबर आपके लिए है. आज हम आपको कुछ घरेलू उपाय बताएंगे, जिन्हें कर आप पसीने की बदबू से छुटकारा पा सकते हैं. आइए जानते हैं घरेलू उपाय के बारे में.

करें यह घरेलू उपाय

पसीने की बदबू से छुटकारा पाने के लिए कुछ घरेलू उपाय आप कर सकते हैं, जैसे आप नींबू के रस का इस्तेमाल कर सकते हैं, इसके लिए आपको नहाने के पानी में नींबू के रस को डालना होगा. ये एंटीसेप्टिक है, जो बैक्टीरिया को मारने में मदद करता है और पसीने की गंध को कम करता है. इसके अलावा आप अंडरआर्म्स पर नींबू के टुकड़े को रगड़ सकते हैं.

टी ट्री ऑयल का इस्तेमाल

इसके अलावा नहाने के पानी में आप एप्पल साइडर विनेगर मिलाएं या इसका स्प्रे बनाकर अंडरआर्म्स पर स्प्रे करें. इसमें एंटी-बैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं, जो पसीने की बदबू से छुटकारा दिलाता है. टी ट्री ऑयल पसीने की बदबू से छुटकारा दिलाने में काफी मदद करता है. आप नहाने के पानी में इसकी कुछ बूंदे डाल सकते हैं या अपने अंडरआर्म्स पर इससे मसाज कर सकते हैं.

इन बातों का रखें ध्यान

ये पसीने की गंध पैदा करने वाले बैक्टीरिया को मारने में मदद करता है. इन सब के अलावा आपको कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है. जैसे रोजाना नहाने की आदत डालें, अंडरआर्म्स, पैरों और प्यूबिक एरिया जैसी जगह पर शेव करें. गर्मी के दिनों में एक कपड़े को दो बार रिपीट ना करें, खासकर मोजे और अंडरआर्म्स.आपको अपनी जीवनशैली में बदलाव करना चाहिए,

जैसे ढीले कपड़े पहने, स्वस्थ आहार खाएं, पर्याप्त नींद लें और तनाव कम करें. किसी भी उत्पाद का इस्तेमाल करने पर कुछ लोगों को एलर्जी हो सकती है, ऐसा होने पर डॉक्टर की सलाह जरूर लें.

मिनी स्कर्ट में सरगुन मेहता ने दिखाई कातिलाना अदाएं

पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री से लेकर बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली सिंगर-एक्ट्रेस सरगुन मेहता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस के साथ अपनी खूबसूरत फोटो-वीडियो शेयर करती रहती हैं. हाल ही में सरगुन मेहता ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ बेहद खूबसूरत फोटोज शेयर की हैं, जिनको बेहद पसंद किया जा रहा है. चलिए एक नजर डालते हैं उनरे शानदार और प्यारे लुक पर. साल 2009 में टीवी शो 12/24 करोल बाग से अपने करियर की शुरुआत करने वाली सरगुन मेहता सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस के साथ अपनी खूबसूरत फोटोज शेयर करती रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ फोटोज शेयर की हैं, जिसमें एक्ट्रेस ब्लैक आउटफिट में नजर आ रही हैं और उनका लुक फैंस को बेहद प्यारा लग रहा है. सरगुन मेहता ने अपने सोशल मीडिया पर जो तस्वीरें शेयर की है उनमें एक्ट्रेस ब्लैक शॉर्ट ड्रेस में नजर आ रही हैं. फोटोज में एक्ट्रेस ब्लैक क्रॉप टॉप के साथ ब्लैक शॉर्क स्कर्ट कैरी किए नजर आ रही हैं, जिस पर मल्टी कलर डिजाइन बना हुआ है. एक्ट्रेस ने अपने इस लुक से फैंस का दिल जीत लिया है. साथ ही उनके इस पोस्ट पर काफी सारे लाइक्स भी नजर आ रहे हैं. साथ ही शेयर की गई फोटोज में सरगुन खुले बालों में नजर आ रही हैं, जो हवा में लहरा रहे हैं. एक्ट्रेस लाइट मेकअप कैरी किए नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर एक प्यारी सी स्माइल नजर आ रही है. शेयर की गई तस्वीरों में एक्ट्रेस की क्यूटनेट और स्माइल फैंस का दिल जीत रही है. इतना ही नहीं, एक्ट्रेस ने इन फोटो के साथ एक प्यारा सा कैप्शन भी शेयर किया है. इन सभी प्यारी सी तस्वीरों को शेयर करते हुए सरगुन ने एक अच्छा सा कैप्शन भी शेयर किया है, जिसमें वो लिखती हैं, उसके बारे में भूल जाओ मुझ पर ध्यान केंद्रित करो. एक्ट्रेस के इस पोस्ट को बेहद पसंद किया जा रहा है. साथ ही इस पर काफी सारे लाइक्स और कमेंट्स भी आ रहे हैं और फैंस जमकर एक्ट्रेस की तारीफें कर रहे हैं. वहीं, अगर सरगुन मेहता के वर्कफ्रंट की बात करें तो साल 2009 में अपने टीवी शो 12/24 करोल बाग के बाद एक्ट्रेस कलर्स टीवी के फेमस शो फुलवा में नजर आई, जहां से एक्ट्रेस को पहचान मिली. इसके बाद उन्होंने पंजाबी फिल्म अंग्रेज से भी अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की. इसके बाद एक्ट्रेस कई हिंदी और पंजाबी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं और नजर आ रही हैं.

रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन की रिलीज तारीख टली, पुष्पा 2 से नहीं होगा सामना

अब्बू अर्जुन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म पुष्पा: द रूल को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म सामना रोहित शेट्टी के निर्देशन में बन रही फिल्म सिंघम अगेन से होने वाला है, लेकिन अब ऐसा लगा रहा है कि दर्शकों को सिंघम अगेन के लिए लंबा इंतजार करना होगा।नई खबर के मुताबिक, सिंघम अगेन और पुष्पा 2 के बीच कोई टकराव नहीं होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, सिंघम अगेन की रिलीज तारीख को टाल दिया गया है। रोहित इस फिल्म को दिवाली, 2024 पर रिलीज करने का विचार कर रहे हैं।अब सिंघम अगेन का पुष्पा 2 से टकराव नहीं होगा। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।सूत्र ने कहा, रोहित शेट्टी और सिंघम अगेन टीम ने फिल्म की रिलीज तारीख को टाल दिया है। फिल्म अपने आखिरी चरण में है। निर्माता कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहते। सिंघम अगेन इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है। रणवीर सिंह से लेकर अजय देवगन, अर्जु कपूर, दीपिका पादुकोण और करीना कपूर तक की झलक फिल्म से सामने आ चुकी थी।रोहित के कॉप यूनिवर्स की शुरुआत अजय के साथ 2011 में आई फिल्म सिंघम से हुई थी।इसके बाद 2014 में अजय की सिंघम रिटर्न्स, 2018 में रणवीर की सिम्बा और 2020 में अक्षय कुमार की सूर्यवंशी के साथ यूनिवर्स बड़ा होता चला गया।

शब्द सामर्थ्य -031

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छींक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 030 का हल

दि	क्ष	त		आ	सा	न		आ
ल		मी		खि		सी	ख	ना
	म	ज	बू	र		ह		जा
स	र्द			का		त	रा	ना
र				र	वि		ह	
प	ह	ना	ना		ना	रा	ज	
ट			क	शि	श		नी	ला
	र			का		रा		य
खा	ति	र	दा	री		त	क्ष	क

वास्तविकता दिखा रहे हैं वेब सीरीज़ और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म:अलंकृता सहाय

वेब सीरीज में अलंकृता सहाय का उदय: फुह से फैंटेसी जैसी लोकप्रिय वेब सीरीज में अलंकृता सहाय की भूमिकाओं पर चर्चा और मनोरंजन उद्योग में डिजिटल प्लेटफॉर्म के बढ़ते चलन का विश्लेषण अलंकृता सहाय भारतीय मनोरंजन उद्योग की सबसे प्रतिभाशाली और गतिशील युवा लड़कियों में से एक हैं और हमें उनकी अविश्वसनीय विकास कहानी पर वास्तव में गर्व है। जिस तरह से वह राख से फीनिक्स की तरह उठी और सफलतापूर्वक शीर्ष पर पहुंची, वह वास्तव में कई युवा लड़कियों के लिए प्रेरणादायक और अनुकरणीय है। तमाशा की दुनिया में प्रवेश करने से लेकर संगीत वीडियो और ओटीटी की दुनिया में धूम मचाने तक, अलंकृता सहाय वास्तव में नियमित आधार पर जोरदार प्रदर्शन कर रही हैं और विकास वास्तविक है। जबकि उन्होंने पहले हर संगीत वीडियो में अभूतपूर्व काम किया है, जिसका वह हिस्सा रही हैं। ओटीटी स्पेस में एक भूमिका जिसने उन्हें भारी मात्रा में विश्वसनीयता और सम्मान दिया, वह जियो सिनेमा की फुह से फैंटेसी में उनका प्रदर्शन था। इसने अलंकृता का एक अलग पक्ष प्रस्तुत किया जिसके बारे में किसी ने नहीं सोचा था। यह वास्तव में उनके लिए एक पथप्रदर्शक भूमिका थी और कोई आश्चर्य नहीं, दर्शकों के साथ-साथ निर्माता भी अब उन्हें स्क्रीन पर और अधिक अलग और विविध अवतारों में दिखाने के लिए तैयार हैं। तो, अलंकृता ओटीटी स्पेस में अपने प्रदर्शन को कैसे देखती हैं और डिजिटल प्लेटफॉर्म के बढ़ते रुझानों पर उनकी क्या राय है? इस बारे में पूछे जाने पर, अभिनेत्री ने खुलकर अपने विचार व्यक्त किए और लिखा,:ठीक है, फुह से फैंटेसी वास्तव में मेरे लिए एक विशेष परियोजना थी। इसने न केवल मुझे जिओ सिनेमा जैसे विश्वसनीय मंच के साथ जुड़ने का एक अच्छा अवसर दिया, बल्कि इससे मुझे यह समझने में भी मदद मिली कि उद्योग कैसे संचालित होता है और मुझसे क्या अपेक्षा की जाती है। मुझे लगता है कि शो में काम करने और अपने दर्शकों से प्यार और सम्मान पाने के बाद, मुझे एहसास हुआ कि आज के समय में, एक अभिनेत्री के रूप में, आपको वास्तव में कोई हिचकिचाहट नहीं हो सकती है, दूसरे क्या सोचेंगे इसके आधार पर कोई हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए। वेब सीरीज़ और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म आज वास्तविकता का प्रदर्शन कर रहे हैं और ऐसी परियोजनाओं में भी वास्तविकता का अपना तत्व जुड़ा हुआ है, भले ही यह काल्पनिक हो।

बनारस मार्ग पर पेड़ गिरने से कई घंटे आवाजाहीबाधित ,लोग परेशान

प्रतापपुर। शुक्रवार को बाजार के दिन प्रतापपुर से सेमरसोत मुख्य मार्ग में एक विशालकाय आम का पेड़ गिर जाने से घंटों तक आवागमन व नगर की बिजली व्यवस्था बाधित रही। शुक्रवार को प्रतापपुर में आंधी तूफान या बारिश जैसी कोई स्थिति निर्मित नहीं थी।

मौसम बिलकुल साफ था, तभी अचानक लगभग 50 वर्ष पुराना एक विशालकाय आम का पेड़ दो हिस्सों में बंटते हुए प्रतापपुर-चलगली मार्ग पर धराशायी होकर गिर गया। पेड़ का एक हिस्सा मार्ग के किनारे स्थित नगर पंचायत के सामुदायिक भवन की ओर तथा दूसरा हिस्सा मुख्य मार्ग पर गिर गया। पेड़ के संपर्क में आकर नगर पंचायत द्वारा मुख्य मार्ग पर लगाई गई स्ट्रीट लाइट का एक खंभा व सामुदायिक भवन की ओर लगे बिजली के तार भी टूटकर गिर गए। सूचना पर बिजली विभाग ने तत्काल विद्युत प्रवाह बंद किया तथा नगर पंचायत के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर पेड़ को मुख्य मार्ग से हटाने का काम शुरू किया। घंटों की कड़ी मेहनत के बाद मुख्य मार्ग पर धराशायी होकर गिरे विशालकाय पेड़ को अलग अलग हिस्सों में काटकर हटाया गया तब कहीं जाकर मार्ग में आवागमन की

व्यवस्था बहाल हुई। बता दें कि यह आम का पेड़ काफी पुराना होने के कारण कमजोर स्थिति में था। पेड़ का एक हिस्सा सामुदायिक भवन तथा दूसरा हिस्सा मुख्य मार्ग की ओर लंबे समय से झुका हुआ था। हालांकि पेड़ सूखी हुई स्थिति में नहीं था उसमें आम भी लगे हुए थे पर झुकी हुई हालत के कारण उसके ऊपर पड़ रहे अत्यधिक दबाव को वह झेल नहीं पाया और आंधी तूफान या बारिश के बिना ही गिर गया। गनीमत रही कि जिस समय पेड़ गिरा उस समय मार्ग से कोई वाहन या व्यक्ति नहीं गुजर रहा था अन्यथा बड़ी घटना भी घटित हो सकती थी।

पहले भी गिर चुके हैं कई पेड़

बता दें कि प्रतापपुर से सेमरसोत जाने वाले मार्ग के जिस स्थान पर शुक्रवार को उक्त विशालकाय आम का पेड़ गिरा उसी स्थान पर और भी कई आम के पेड़ मौजूद हैं। जो पचास वर्ष से भी ज्यादा पुराने हो चुके हैं। मुख्य मार्ग के दोनों किनारों पर इन पेड़ों में से कई पेड़ आंधी तूफान व अन्य कारणों से पहले भी गिर चुके हैं। पेड़ों के गिरने से मार्ग के किनारे मौजूद छोटे कारोबारियों की कई गुमटियां भी जमींदोज हो चुकी हैं। वर्तमान में जो पेड़ वहां जो पेड़ मौजूद हैं उनमें से कई पेड़ पुराने व जर्जर हो चुके हैं। इनके गिरने का खतरा लगातार बना हुआ है। लोगों का कहना है कि शासन प्रशासन को इस दिशा में ध्यान देते हुए तत्काल इन जर्जर पेड़ों को मुख्य मार्ग से हटा देना चाहिए अन्यथा भविष्य में कोई बड़ी

मतदाताओं को हस्ताक्षर अभियान चलाकर किया जा रहा प्रेरित

मनेंद्रगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशानुसर तथा स्वीप नोडल अधिकारी नितेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में जिले भर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता सह हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ के मार्गदर्शन में आज ग्राम पंचायत छिपछिपी, साल्ही में ग्रामीणों को हस्ताक्षर अभियान चलाकर मतदान करने प्रेरित किया गया।

जनपद सीईओ ने मौके पर नैतिक मतदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सुदृढ़ लोकतंत्र के लिए किसी भी तरह के दबाव या प्रलोभन में आये बिना नैतिक मतदान करना जरूरी है इसके साथ उपस्थित मतदाताओं से आग्रह किया गया कि मतदान दिवस को पास-पड़ोस के लोगों और रिश्तेदारों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान मतदान हस्ताक्षर अभियान में ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक सहित एनआरएलएम के पदाधिकारी भी शामिल रहे।

किशोरी का दैहिक शोषण, युवक पर जुर्म दर्ज

बिश्रामपुर। किशोरी से प्रेम-प्रसंग के दौरान उसके गर्भवती होने व गर्भपात होने का मामला सामने आने पर डाक्टर द्वारा मामले की लिखित सूचना कोतवाली में दी गई। शिकायत मिलते ही हरकत में आई पुलिस ने नाबालिग के प्रेमी के खिलाफ दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि 17 वर्षीय किशोरी का गांव के एक युवक से प्रेम संबंध चल रहा था। 27 फरवरी को आरोपी ने नाबालिग किशोरी को बहला फुसला कर उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित कर लिया। घटना के करीब डेढ़ माह बाद नाबालिग को पेट दर्द की शिकायत होने के बाद वह अपनी बहन के साथ जिला अस्पताल पहुंची।

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शिक्षकों को हरी झंडी दिखाकर निकाली गई बाइक रैली

सूरजपुर। स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजनगर परिसर में आज कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रोहित व्यास के द्वारा शिक्षकों को हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली निकाला गया और शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगो को प्रेरित किया गया। रैली की शुरूआत ''बढ़ावो ए धार जिला सूरजपुर के मान, चला संगी करबो मतदान'' नारे के साथ हुई। यह रैली प्यूरी चौक ,बाजार चौक और चांदनी चौक से होते हुए बाइक रैली सुभाष चौक तक निकाला गया। लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान के प्रतिशत बढाने के उद्देश्य से रैली का आयोजन किया गया था। साथ ही मितानिन, शिक्षक, स्काउट गाइड एवं समूह के महिलाओं को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाया गया।

तीन लोगों के विरूद्ध जिला बदर की कार्रवाई

बलरामपुर। जिले में शांतिपूर्ण लोकसभा निर्वाचन संपन्न कराने राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रिमिजियुस एक्का द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. लाल उमेद सिंह से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर मयंक यादव वाड्फनगर, प्रशांत विश्वास उर्फ छोटू बंगाली सागरपुर, चौकी गणेशमोड़, एवं कोंदा उर्फ सुंदर ग्राम खुखरी, चौकी बरियों, तहसील राजपुर को छह माह की अवधि के लिए जिले से निष्कासित (जिला बदर) कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार उक्त व्यक्तियों को जिला बलरामपुर-रामानुजगंज तथा सीमावर्ती राजस्व जिला सरगुजा, कोरिया, जशपुर तथा सूरजपुर की सीमा से आदेश दिनांक 19 अप्रैल 2024 से छह माह की अवधि के लिए जिला बदर की कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा मंयक यादव, प्रशांत विश्वास उर्फ छोटू बंगाली एवं कोंदा उर्फ सुंदर के खिलाफ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5(क)(ख) के प्रावधानों के तहत (जिला बदर) कार्रवाई करने का प्रतिवेदन पेश किया गया था।

शंख व डमरू की ध्वनि तथा 101 ब्राह्मणों के मंत्रोच्चार के बीच चिंतामणि महाराज ने दाखिल किया नामांकन

सूरजपुर। सरगुजा संसदीय सीट के भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज ने शुक्रवार को नाम निर्देशन पत्र जमा किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, महिला व बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के साथ रिटर्निंग आफिसर विलास भोसकर के समक्ष भाजपा प्रत्याशी ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया। भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में शंख,डमरू की ध्वनि, 101 ब्राह्मणों का मंत्रोच्चार आकर्षण का केंद्र रहा। बीच-बीच में जय श्री राम के उद्घोष ने कार्यकर्ताओं का जबरदस्त उत्साह बढ़ाया।

भाजपा ने नामांकन के लिए खास तैयारी की थी। अंबिकापुर के घड़ी चौक से लेकर स्वामी विवेकानंद स्कूल प्रवेश द्वार के दोनों ओर स्थानीय और बनारस से आए ब्राह्मण कतारबद्ध खड़े थे। इनमें से अधिकांश के हाथों में शंख और डमरू था। कुछ ब्राह्मणों ने हाथों में गुलाब की पंखुड़ियां रखी थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज व अन्य मंत्रीगण नामांकन के लिए घड़ी चौक से कलेक्टोरेट जाने वाले मार्ग की ओर मुड़े। उसी समय मंत्रोच्चार के बीच गुलाब की पंखुड़ियों से आशीर्वाद देने का क्रम शुरू हुआ। शंख बजने लगे। डमरू के पारंगत कलाकारों ने मनोहारी प्रस्तुति दी। बीच-बीच में कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम का जयघोष भी किया। मार्ग को भगवा ध्वज से सजाया गया था। इसके पहले सरगुजा संसदीय सीट के तीनों जिले सरगुजा,सूरजपुर और बलरामपुर जिले से पहुंचे पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की नामांकन रैली खरसिया रोड स्थित अग्रसेन भवन से आरंभ हुई। रैली के बहाने भाजपा ने शक्ति प्रदर्शन किया। भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज के साथ अन्य मंत्रियों व भाजपा नेताओं ने सड़क के दोनों ओर खड़े शहरवासियों का अभिवादन किया। रैली अग्रसेन भवन से अग्रसेन चौक, जयस्तंभ चौक, सदर रोड , महामाया चौक, देवीगंज रोड, संगम चौक होते कलाकेंद्र में संपन्न हुई। भाजपा की नामांकन रैली आरंभ हो जाने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव हेलीकाप्टर से कालेज मैदान पहुंचे। यहां से दोनों नामांकन रैली के लिए रवाना हो गए। तब तक रैली महामाया चौक तक पहुंच चुकी थी। यहीं पर सुसज्जित खुले वाहन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े , पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल के साथ अन्य वरिष्ठ नेता तथा सभी विधायक सवार हुए। भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज को साथ लेकर खुले वाहन में सवार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, शहरवासियों का अभिवादन करते रहे। रैली का जगह-जगह आतिशी स्वागत किया गया। लोक नर्तक दलों ने बहु नामांकन रैली में अपनी प्रस्तुति से शहरवासियों का ध्यान खींचा। सर्वाधिक समय तक शंख बजाने का रिकॉर्ड कायम करने वाले बनारस के रामजनम योगी भी भाजपा की नामांकन रैली के दौरान साथ रहे।उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से अलंकृत रामजनम योगी ने भाजपा की नामांकन रैली के दौरान लगातार शंख बजाया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गंगा आरती का कार्यक्रम हो या पिछले दो चुनाव में उनके नामांकन रैली ,इन सभी आयोजनों में रामजनम योगी ने ही शंखनाद कर कार्यक्रमों की शुरुआत की है। दिल्ली, बनारस सहित कई बड़े शहरों में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में वे शंख बजा चुके हैं। उनका कहना है कि उन्होंने सर्वाधिक आधे घंटे तक शंख बजाने का रिकॉर्ड बनाया है।

घर से बुलाकर युवक की हत्या

कालरी। पटना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खोड़ में गुरुवार की रात युवक की हत्या कर दी गई। हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस घटना को लेकर जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है।जानकारी अनुसार धनेश्वर पिता चंद्र प्रसाद देवांगन (24) अपने बुआ के घर जवारी विसर्जन करने के बाद रात्रि में घर के छत पर अपने एक साथी के साथ सोया हुआ था। रात्रि लगभग 12 बजे किसी किसी व्यक्ति के द्वारा कॉल करके उसे घर से बाहर बुलाया गया जो रात्रि में वापस नहीं आया। जब उसकी बुआ लगभग 4.30 बजे घर से बाहर निकली तो देखा कि दरवाजा के पास मृतक सोया हुआ है जब उसे उठाने गई तो मृतक खून से लथपथ था जिसे देखकर वह चिल्लाने लगी जिससे अगल बगल के लोग आ गए जिसके बाद उसे तुरंत पटना हॉस्पिटल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पारा 40 के पार, भीषण गर्मी से लोग बेहाल

अंबिकापुर। उत्तर छत्तीसगढ़ में पड़ रही तेज गर्मी के बीच शुक्रवार को अंबिकापुर का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार चला गया। अप्रैल माह में पहली बार तापमान 40 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। दोपहर में लू चलने से लोग बेहाल रहे। झुलसा देने वाली गर्मी के कारण सड़कों में आवाजाही अपेक्षाकृत कम रही। पश्चिमोत्तर दिशा से आ रही गर्म हवा के कारण तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। आने वाले एक-दो दिनों तक भीषण गर्मी पड़ने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है।

सामान्यत: अप्रैल माह में उत्तर छत्तीसगढ़ का अधिकतम तापमान 40 डिग्री की सीमा को पार कर देता है। विशेषकर अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में सूर्य की किरणें तीक्ष्ण, शुष्क और चिलचिलाहट भरी होती हैं। अप्रैल के दूसरे सप्ताह तक पश्चिमी विक्षोभों की क्रमिक सक्रियता से नमीयुक्त बादलों की आवाजाही बनी हुई थी जिसके कारण कई इलाकों में हल्की वर्षा भी दर्ज

की गई थी और वातावरण का तापमान सामान्य के नीचे बना हुआ था। अब जब वातावरण में कोई उल्लेखनीय व्यवधान इस समय नहीं है और लगातार पश्चिमी और पश्चिमोत्तरी हवा आ रही हैं, जिसके चलते धूप की तपिश में लगातार वृद्धि हो रही है। मौसम विज्ञानी एएम भट्ट के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ इस समय उत्तर भारत पर प्रभावी है जिससे अगले दो-तीन दिनों में उत्तरी छत्तीसगढ़ में बादलों की सघनता बढ़ने की संभावना रहेगी लेकिन इस दौरान तापमान में बहुत ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं है। पश्चिम दिशा से हवा चलने के बाद एकाएक तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। यही कारण रहा कि अंबिकापुर के तापमान में 24 घंटे के भीतर दो डिग्री की तगड़ी बढ़ोतरी हुई। गुरूवार को दर्ज अधिकतम तापमान 38 5 डिग्री से बढ़कर 40 5 डिग्री पहुंच गया। एक दिन में दो डिग्री तापमान में वृद्धि ने लोगों को बेचैन कर दिया। इसके प्रभाव से शाम को भी गर्म हवा चल रही है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार सन 2023 में अप्रैल में अधिकतम तापमान 40 की सीमा के ऊपर नहीं गया था। 18 अप्रैल 2023 को अप्रैल का उच्चतम अधिकतम 39.8 डिग्री था। जबकि 2022 में अप्रैल के 15 दिनों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री या इसके ऊपर रहा था।

मतदाता जागरूकता के लिए खड़गवां में 23 अप्रैल से फुटबाल मैच का आयोजन

मनेंद्रगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशानुसर तथा स्वीप नोडल अधिकारी नितेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में जिले भर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत खड़गवां के समस्त ग्राम पंचायतों में मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए प्रतिदिन सुबह 07:00 से फुटबाल मैच का आयोजन किया जाना है। पंचायत स्तरीय फुटबॉल मैच का आयोजन 23 अप्रैल 2024 से प्रारंभ किया जाना है। जनपद पंचायत सीईओ विनोद जायसवाल ने समस्त ग्राम सचिवों को इसके लिए व्यापक तैयारी कर अधिक से अधिक लोगों मतदान प्रेरित करने आग्रह किया है।

मतदान से पहले कई पोलिंग बूथ के आसपास से हटाए जाएंगे मधुमक्खियों के छत्ते

कोरिया। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी से विनय कुमार लंगेह ने आज क्लेक्टरेट स्थित सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए बनाए गए मतदान केंद्रों के सेक्टर प्रभारियों से मतदान पूर्व समुचित व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। सेक्टर अधिकारियों के सुझाव व बताए समस्याओं पर तत्काल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जिला शिक्षा, जनपद पंचायत, ऊर्जा विभाग, समाज कल्याण, नगरीय निकाय सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। बता दे सभी मतदान केंद्रों में पृथक-पृथक महिला-पुरूष शौचालय कक्ष होंगे। दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों में रैम्प की सुविधा व व्हीलचेयर, छड़ी आदि की व्यवस्था भी रहेगी। मतदान केंद्रों में साफ पेयजल, शौचालय, बिजली, बाउन्ड्रीवाल की व्यवस्था की गई है और जहाँ बिजली आपूर्ति की समस्या हो, वहाँ सोलर ऊर्जा के माध्यम से वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। मधुमक्खी के छत्ते हटेंगे, छाँव की होगी व्यवस्था मतदान दिवस के दिन मतदाताओं के लिए छाया की व्यवस्था भी की जाएगी। श्री लंगेह ने मतदान केंद्रों व परिसर को साफ-सुथरा रखने तथा मधुमक्खी के छत्ते को हटाने के निर्देश भी दिए हैं।

मतदान करने वृहत रूप से लोगों ने लिया शपथ

मनेंद्रगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशानुसर तथा स्वीप नोडल अधिकारी नितेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में जिले भर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भरतपुर द्वारा तकनीकी सहायक, सचिव, रोज़गार सहायक, मेंट का बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा स्वीप गतिविधि कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। जनपद पंचायत में वृहत रूप से लोगों मतदान करने की शपथ ली।

मोबाइल में स्टीकर लगाकर शासकीय सेवकों ने बताया मतदान का महत्व

कोरिया। बस्तर सहित देश के विभिन्न राज्यों में 19 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत प्रथम चरण का चुनाव हो रहे हैं। कोरिया जिले में तृतीय चरण के अंतर्गत 7 मई को मतदान होगा। इसके पहले आज कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी सहित तमाम जिला अधिकारी, विभिन्न मतदान केन्द्र के सेक्टर प्रभारियों ने स्वीप कार्यक्रम के तहत ''आओ चले वोट करें रू वोट करें गर्व करें'', श्मतदान का इंतजार है, कोरिया तैयार है जैसे स्लोगन वाले स्टीकर अपने-अपने मोबाइल कव्हर में लगाकर एक अनोखी मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिए। स्टीकर में 'कड़ी लोकतंत्र की टूटने न पाए रू एक भी मतदाता छूटने न पाए' भावपूर्ण स्लोगन जहाँ आम मतदाताओं को 7 मई को होने वाले मतदान के लिए प्रेरित करेगी। स्वीप कार्यक्रम के तहत यह स्टीकर मोबाइल के अलावा बाइक, स्कूटी में भी लगाया जा सकता है ताकि लोकतंत्र के इस महापर्व में हर मतदाता बढ़चढ़कर हिस्सेदार बने। विदित हो हैं कि स्वस्थ व मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान करना बहुत आवश्यक है तो मतदाताओं का जागरूक होना जरूरी है। इसीलिए कोरिया जिला निर्वाचन आयोग द्वारा लगातार शत- प्रतिशत मतदान हो इसके लिए अलग-अलग विधाओं के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

कलेक्टर ने लिया व्यवस्था का जायजा

कोरिया। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने आज तेज धूप में जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों में पहुंचकर व्यवस्था का जायजा लिया। श्री लंगेह ने मतदान केंद्र छिंदया, कुड़ेली, तरगवां, बुहार मतदान केन्द्र जाकर बिजली, पानी रैम्प आदि की व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही शौचालय कक्ष में साफ-सफाई, दरवाजा आदि का मुयावना भी किया। बता दें 7 मई को सुबह 7 बजे से मतदान होना है। लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं ताकि आम लोकसभा निर्वाचन में सभी मतदान केंद्रों में शत प्रतिशत मतदान हो सके। श्री लंगेह ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि मतदान के पूर्व समुचित व्यवस्था व साफ-सफाई कराएं ताकि किसी प्रकार की समस्या न हो, वहीं सभी मतदान केंद्रों के दीवारों में मतदान तिथि, समय व अन्य जानकारियां लिखने के निर्देश दिए। मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, एसडीएम अंकिता सोम सहित पटना, बैकुंठपुर के तहसीलदार उपस्थित थे।

स्टार प्रचारकों की रैली और सभाओं का दबाव ज्यादा मेहनत करनी पड़ रही सरकारी अमले को

पड़ोसी जिलों में भी सेवा के लिए तैयार

कोरबा। हर चुनावी सीजन में प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों व कर्मियों की चुनौतियां स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है। लोकसभा चुनाव में भी इसी प्रकार की स्थिति है। कोरबा संसदीय सीट पर चुनाव प्रचार तेज है। लगातार चुनावी रैली और सभा ने दबाव बढ़ाया है। इसे लेकर खासतौर पर पुलिस बल को ज्यादा मेहनत मशक्कत करनी पड़ रही है।

कोरबा सामान्य सीट को इस बार ज्यादा गंभीरता से लिया जा रहा है। आए दिन भाजपा और कांग्रेस के नेताओं के दौरे जारी हैं। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम हो रहे हैं। इनकी तैयारियां और सुरक्षा अपने आपमें बड़ा विषय है इसलिए जिला प्रशासन के साथ-साथ पुलिस बल को ज्यादा सतर्कता दिखानी पड़ रही है। चुनाव के लिए अतिरिक्त बल की मांग पहले ही की जा चुकी है, जिसकी आमद आगामी दिनों में होना है। बताया गया कि फिलहाल जिले में उपलब्ध पुलिस बल, सशस्त्र बटालियन और होम गाड्स से काम चलाया जा रहा है। राजनीतिक रैलियों,

फाइल फोटो

सभाओं के साथ-साथ हेलीपेड के लिए इनकी उपलब्धता निश्चित की गई है। बताया गया कि केटेगरी के हिसाब से नेताओं को सुरक्षा मिली हुई है और इस लिहाज से कई स्थान पर इस प्रकार की तैयारी करनी होती है। दूसरे सीजन की तुलना में प्रशासन के साथ पुलिस के अधिकारियों से लेकर जवानों को चुनावी दौर में अधिक मेहनत करनी होती है। वे इसके अभ्यस्त हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री की रैली, धीरेंद्र शास्त्री आएंगे कोरबा

खबर के अनुसार 23 अप्रैल को पड़ोसी जिले जांजगीर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक रैली में शामिल होकर भाजपा प्रत्याशी के लिए समर्थन जुटाएंगे। जबकि 26 अप्रैल को कोरबा जिले में बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री आ रहे हैं। दौरे का उद्देश्य स्पष्ट नहीं हुआ है।

योगी आदित्यनाथ की सभा सीएसईबी मैदान में कल, हो रही तैयारी

कोरबा। कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. सरोज पांडेय के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित करने कल दोपहर उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री एवं फायर ब्रांड बीजेपी नेता योगी आदित्यनाथ का आगमन हो रहा है। कार्यक्रम में योगी के अलावा भाजपा के प्रदेश के प्रमुख नेताओं का भी आगमन होने जा रहा है।

हालांकि कोरबा पुलिस के कंट्रोल रूम एवं जिले के प्रशासनिक अधिकारी अधिकृत प्रोटोकॉल आने का इंतजार कर रहे हैं। जबकि भाजपा की ओर से जिला स्तर पर जो सांगठनिक रूप से अधिकृत विज्ञप्ति जारी की जा रही है उसके अनुसार कल दोहपर 1 बजे सीएसईबी कोरबा पूर्व के फुटबाल मैदान में विशाल आमसभा रखी गई है। इसे यूपी

के फायर ब्रांड नेता योगी आदित्यनाथ संबोधित करेंगे। जिसके लिए व्यापक पैमाने पर प्रचार प्रसार एवं कार्यकर्ता स्तर पर अभियान आज से ही शुरू कर दिया गया है। जगह-जगह विभिन्न स्थानों से आए हुए कार्यकर्ताओं द्वारा छोटे-बड़े तमाम वाहनों में साउंड सिस्टम से प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया गया है।

पहचान नहीं होने पर दफनाया युवती का शव

कोरबा। काफी प्रतीक्षा करने पर भी जब एक मृत युवती की पहचान नहीं हुई तो पुलिस ने निर्धारित प्रक्रिया के साथ उसके शव का कफन दफन कर दिया।

बालको नगर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर सतरेंगा में युवती की लाश खेभैवना डूब इलाके में मिली थी। ग्रामीण की सूचना पर पुलिस के द्वारा संदिग्ध मानते हुए मर्ग कायम किया गया था और जांच की जा रही थी । मामले में 4 दिन बाद भी मृतका की पहचान नही हो सकी। कोई भी व्यक्ति की ओर से इस बारे में पुलिस को सूचना नहीं दी गई जबकि पुलिस ने लाश को लेकर सूचना जारी की थी। आखिरकार पुलिस के द्वारा निर्धारित प्रक्रिया को अपनाते हुए मृत युवती के शव को दफनाने की कार्रवाई की गई।

चुनाव में मिला काम

कोरबा। जिले में हजारों लोगों को इस चुनाव में आसानी से काम मिला है। राजनीतिक दलों की रैली और सभा में भीड़ बढ़ाने के लिए ऐसे लोगों का उपयोग हो रहा है। उन्हें इसके लिए अच्छी कीमत मिल रही है और वे इस सीजन में काफी खुश हैं।

वरिष्ठता के आधार पर मिलता है आवास

कोरबा। एसईसीएल कोरबा पूर्व केन्द्रीय कर्मशाला में आवास को लेकर ज्यादा मारामारी नही है। यहां पर वरिष्ठता के आधार पर कामगारों को आवास मिल जाता है। प्रबंधन हाउसिंग कमेटी की बैठक बुलाकर सभी सदस्यों के सुझाव लेकर आवास उपलब्ध कराता है। इस संबंध में हाउसिंग कमेटी की सदस्य गिरीवर राठौर ने बताया कि कई ऐसे कामगार है जो अपने आवास को छोड़ना तक नही चाहते है। वें चाहते है कि किसी भी प्रकार की आवास को लेकर परेशान न होगा पड़े। केन्द्रीय कर्मशाला में कोयला कामगार वरिष्ठता के आधार पर आवास पा रहे है।

विजय बने सचिव

कोरबा। एसईकेएमसी के केन्द्रीय अध्यक्ष रामनारायण सिंह ने दीपका एरिया के अध्यक्ष सतीश सिंह के अनुशंसा पर युवा नेता विजय नेता दीपका प्रोजेक्ट का सचिव नियुक्त किया है। विजय कुमार काफी लंबे समय से संगठन में काम कर रहे है। उनकी सक्रियता को देखते हुए उन्हे यह जिम्मेदारी दी गई है। राम कुमार कौशिक को दीपका प्रोजेक्ट का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा रसुल अहमद को दीपका एरिया का महामंत्री बनाते हुए उन्हें दिशा-निर्देश दिए गए है। दीपका क्षेत्र में अध्यक्ष सतीश सिंह ने संगठन को काफी आगे बढ़ाया है। लगातार सदस्य संख्या में भी इजाफा हुआ है। सक्रिय लोगों को जवाबदारी देने का मतलब है कि संगठन को और मजबूत किया जा सके।

भाजपा महिला मोर्चा की बैठक

कोरबा।भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष वैशाली रत्न पारखी के निर्देश पर सभी मण्डलों में महिला मोर्चा की कार्यकर्ता सक्रिय है लगातार महिला मोर्चा की कार्यकर्ता लोगों से मुलाकात कर केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दे रहे है। कुदमुरा मंडल के अध्यक्ष अभिलाषा वर्मा ने भी गांव का दौरा शुरू कर दिया है। उनके द्वारा कई गांवो में बैठक ली गई। अभिलाषा वर्मा के साथ सुभद्रा सिंह, भोजली साहू , सुक्रिता राठिया गांव गांव तक जा रहे है।

महुआ बीनने गई महिला का शव पंडोपारा के तालाब में मिला

मामले को संदिग्ध मानकर पुलिस कर रही जांच

कोरबा। जिले के पसान थाना क्षेत्र के ग्राम जल्के पंडोपारा में सूरजपुर जिले से आकर कोरबा जिले के कोरबी चौकी क्षेत्र में रहते हुए महुआ बीनने के लिए आई महिला की तालाब में आधी रात को तैरती लाश मिलने के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। क्योंकि दो दिनों से उसके संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल रही थी।

मिली जानकारी के अनुसार फूलबतिया बाई पंडो उम्र 50 पति रतन पंडो ग्राम बरईयाडांड थाना प्रेमनगर जिला सूरजपुर में निवासरत थी। इधर पसान थाने के कोरबी चौकी क्षेत्र में महुआ फल के बहुतायत होने पर रिश्तेदारों के बुलावे पर महुआ बिनने के लिए एक माह से आकर यहां रूकी हुई थी। रोजाना नियमित महुआ फल तैयार होने पर संग्रहण कर रही थी। इन दिनों महुआ फल का काम लगभग आखिरी चरण में है। इस वजह से अपने पुराने हिसाब किताब का भी वह जानकारी लेकर आगे के लिए क्या करना है इसकी तैयारी में जुटी हुई थी।दो दिन पूर्व 17 अप्रैल को उक्त महिला अपने घर से सारा काम निपटाकर तालाब में नहाने के लिए पंडोपारा जल्के चौकी कोरबी गई थी। लेकिन तालाब किनारे कहीं कोई जानकारी नहीं मिलने तथा तालाब में हलचल नहीं होने के कारण किसी को जानकारी नहीं हुई। जबकि उसके घर वालों को यह आभास था कि वह तालाब में जरूर डूबी हुई है। इस वजह से उसकी खोजबीन दो दिनों से जारी थी। अंतत: कल देर रात को उक्त महिला की तालाब में तैरती लाश फुलकर बाहर आ गई। इसके बाद मृतक के परिजनों की सूचना पर कोरबी चौकी प्रभारी अफसर खान ने मर्ग कायम कर शव को पंचनामा कार्यवाही कर आज सुबह उसे पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया। पुलिस के अनुसार मृतका की संदिग्ध मौत किन कारणों से हुई इसका खुलासा पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद हो सकेगा।

सैकड़ों साधक गए शिवरीनारायण

कोरबा। सिद्धाश्रम परिवार के द्वारा शिवरीनारायण में साधना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कल प्रथम दिन शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में एक हजार से अधिक साधकों ने भाग लिया। गुरूदेव नंदकिशोर श्रीमाली इस साधना शिविर में गुरू दीक्षा के अलावा विशेष दीक्षा प्रदान करेंगे। तीन दिनों तक चलने वाले इस साधना शिविर में कोरबा जिले से भी साधको ने भाग लिया ।

नई ज्वाइनिंग वालों का वोट भाजपा को मिलेगा, संशय की स्थिति

कोरबा सीट पर भाजपा और कांग्रेस में टक्कर

कोरबा। लोकसभा सीट पर 7 मई को होने वाले मतदान से पहले कांग्रेस और भाजपा का चुनाव प्रचार अपने संसाधनों से जारी है। इलेक्ट्रॉल बॉंड के मुद्दे और खाता सील होने को प्रचारित कर कांग्रेस ने ज्यादा तामझाम से दूरी बनाई है वहीं भाजपा इसके उल्टे प्रदर्शन कर रही है। इन सबके बीच कई कारणों से कांग्रेस, गोंडवाना सहित कई दलों के लोगों का प्रवेश भाजपा में होना जारी है। इसे राजनीतिक शुद्धिकरण का नाम भी दिया जा रहा है, पर सवाल उठ रहे हैं कि क्या ऐसे लोगों के वोट भाजपा प्रत्याशी को प्राप्त होंगे भी?

कोरबा लोकसभा क्षेत्र में आने वाले चार जिलों की आठ विधानसभा सीट शामिल हैं। इनमें भाजपा खेमे में आने वाले लोगों की सर्वाधिक संख्या कोरबा जिले में दर्ज हुई है। इनमें नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष के साथ-साथ निकायों के पार्षद और दूसरी पार्टियों में जिला से लेकर प्रदेश स्तर पर

प्रतिनिधि रहे लोगों ने भाजपा का दामन थामा है। कई वर्षों तक दूसरी पार्टी के विश्वस्त रहे लोगों का कहना है कि कई कारणों से वहां रहना बेहतर नहीं रहा। उपेक्षा भी हुई। इसलिए अब उन्हें भाजपा की रीति-नीति अच्छी लग रही है इसलिए वे इसमें चिपक गए। लोकसभा चुनाव और प्रदेश में भाजपा की सरकार होने से अपने लिए फायदे को जानकर ऐसे लोगों का प्रवेश भाजपा में हुआ है, राजनीति के जानकारों का यह दावा है। खुद भाजपा से जुड़े लोग बताते हैं कि लोकसभा चुनाव हमारे लिए महत्वपूर्ण है। कोरबा सीट को जीतने के लिए कई प्रकार के तिकड़म जरूरी हैं, जो हर पार्टी किया करती है। इन सबके बावजूद हम अपने प्रति वफादार लोगों पर ही भरोसा कर रहे हैं। खास कारणों से पार्टी ज्वाइन करने वालों का वोट भाजपा को मिल सकेगा इसकी गारंटी इतनी जल्द तय नहीं हो सकती। दूसरी ओर बीते दिनों में कांग्रेस खेमे में भी काफी लोगों ने प्रवेश किया है और उसे समर्थन देने की बात कही है। लोकसभा क्षेत्र में मुख्य रूप से मुकाबले की स्थिति भाजपा और कांग्रेस के बीच ही है, यह सर्वसम्मत तथ्य है। लेकिन जब तक मतदान नहीं हो जाता, कोई भी एक-दूसरे को कम आंकने के मूड में बिल्कुल नहीं है।

0 अपने दम पर बसपा का संघर्ष

उधर छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दौरान निराश हुई बसपा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए कोरबा समेत सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। कांग्रेस से उसकी नजदीकी बीते वर्षों में रही है लेकिन अब मोह भंग है। कोरबा में प्रत्याशी के नामांकन दाखिले के दौरान उपस्थित स्टेट को-ऑर्डिनेटर मनीष आनंद ने बताया कि किसी से समझौते का सवाल ही नहीं है। हमारे नेताओं को अलग-अलग जोन की जिम्मेदारी दी गई है और वे भूमिका निभा रहे हैं।

इस बार 55 हजार मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहित होगा वनमंडल से

कोरबा। वनमंडल कोरबा के अंतर्गत आने वाले 6 वन परिक्षेत्र में सरकार की नीति के अंतर्गत वर्ष 2024 में तेंदूपत्ता का संग्रहण कार्य 1 मई से शुरू होना है। वन विभाग ने इसके लिए प्राथमिक तैयारी की है। लघु वनोपज यूनियन के उप प्रबंध संचालक एस.एस.कंवर ने बताया कि 55 हजार मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण करने का लक्ष्य हमें मिला है। संग्रहित रेंज के अंतर्गत फड़ में इस काम को कराया जाएगा। 257 फड़ों के मैदानी अमले को इसके लिए प्रशिक्षण दिया गया है। इसके साथ ही नोड के अलावा अन्य स्तर पर नियुक्तियां की जा रही है। क्षेत्रों की गुणवत्ता के आधार पर तेंदूपत्ता की मांग कायम है।

बड़े हिस्से को हम करते हैं रौशन : छत्तीसगढ़ के पावर हब का दर्जा कोरबा को मिला हुआ है। हर दिन सीएसईबी और एनटीपीसी के बिजली घरों से उत्पादित होने वाली बिजली से प्रदेश के साथ देश का बड़ा हिस्सा रौशन होता है। लेकिन प्रदूषण आता है जिले के हिस्से।

हसदेव तट पर चैत्र पूर्णिमा को होगी महाआरती

कोरबा। नदी संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत यहां हसदेव नदी के तट पर चैत्र पूर्णिमा को शाम 7 बजे महाआरती की जाएगी। सामाजिक कार्यकर्ता वैभव चौरसिया इस अवसर पर मुख्य यजमान होंगे।

नमामि हसदेव संगठन इस आयोजन पर काम कर रहा है। उसने हर महीने अमावस्या और पूर्णिमा को हसदेव महाआरती की योजना बनाई और काम शुरू किया। संयोजक ने बताया कि लगातार सहभागिता करने वालों की संख्या बढ़ रही है। 23 अप्रैल को श्री हनुमान के प्राकट्य उत्सव पर हसदेव महाआरती की जाएगी। वाराणसी के गंगाघाट की तर्ज पर इस कार्यक्रम को किया जाना है। इससे पूर्व हसदेव घाटों के विकास और सौंदर्यीकरण को लेकर नगर निगम के द्वारा योजना की घोषणा की गई थी। इस पर बड़ी राशि खर्च करने की बात भी कही गई लेकिन अब तक फाइलों से उपर यह काम नहीं आया है।

सभी जतन नाकाम हो रहे जाम की समस्या को खत्म करने

कोरबा। अब तक ऐसा कोई तंत्र विकसित नहीं हो सका जिसके जरिए कोरबा और कोयलांचल में आए दिन लगने वाली जाम की समस्या को खत्म किया जा सके। यह समस्या लोगों के लिए सिरदर्द साबित हो रही है। कई मामलों में इसकी बड़ी कीमत भी चुकानी पड़ रही है। कहने के लिए शहर में नो पार्किंग जोन बनाया गया है लेकिन इसका पालन कराना सुनिश्चित नहीं हो सका है। खास बात यह है कि जहां पर इस आशय की सूचनाएं लगी हैं, दुकानों का फैलाव वहां तक हो रहा है। ऐसे में सड़कें सीमित हो रही हैं और वाहनों की आवाजाही बाधित हो रही है। एसईसीएल के 200 करोड़ से बन रहे कुसमुंडा फोरलेन का काम कछुआ चाल पर जारी है। यहां पर लगने वाले जाम ने कई सवालों को जन्म दिया है।

सामाजिक जागरण में कारगर भूमिका निभा रहा साहित्य : गायत्री

कोरबा। राष्ट्रीय कवि संगम की वरिष्ठ प्रतिनिधि गायत्री शर्मा का स्पष्ट रूप से मानना है चिरकाल से सामाजिक जागरण को लेकर साहित्य अपनी प्रभावकारी भूमिका निभाता रहा है । उसका महत्व सर्वकालिक रहा है और इसलिए उच्का मूल्यांकन भी किया जा रहा है।

साहित्य के क्षेत्र में कई पुरस्कार से अलंकृत गायत्री ने खास चर्चा में यह बात कही। उन्होंने कहा कि जीवन के विभिन्न क्षेत्रों को प्रभावित करने की क्षमता साहित्य में रही है। समाज-धर्म के भारतीय चितकों ने सामाजिक संभावनाओं और सामाजिक उपासनाओं को समाज का आधासरभूत उद्देश्य माना है। इसके प्रयोजन का विनाश नहीं होता। हमारे समाज का आधुनिक स्वरूप एक मानक मात्र है। इसमें बदलाव की पूरी संभावना समाहित है। आवश्यक यह है की परिवर्तन की संभावना को सकारात्मक स्वरूप देने में

विज्ञान, दर्शन और लोक साहित्य में कौन सी विधा सबसे अधिक अनुकूल सिद्ध हो सकती है। संस्कार भारती के लिए लंबे समय तक दायित्व निभाने वाली गायत्री का कहना है कि व्यष्टिवादी विचारधारा को समष्टिवादी रुप देने में समर्थ हो सकती है। बिना किसी संदेह के कहना पड़ेगा कि लोक साहित्य लोक मानस का ऐसा साहित्य है जो पुराकाल से लेकर आज तक समाज के व्यापक हित के लिए समय की चुनौतियों का सामना करता रहा है। इसलिए लोक साहित्य को प्राकृत रचना की प्राण-दक्षिणा कहा गया है इसमें लोक के प्राणों की अप्रतिम धारणा शक्ति होती है। उन्होंने कहा कि लोक गीत हो, लोक कथा हो अथ्या लोक अभिव्यक्ति की अन्य कोई हो वह पूरे समाज को अनुप्राणित करने वाली होती है। तुलसीदास ने लिखा था, 'मृतक जिआवनि गिरा सुहाई, कर्ण रन्ध्र होइ उर जब जाई' स्पष्ट है कि शिक्षित वर्ग के साहित्य में कानों से होकर ह्रदय तक पहुँचने की शक्ति नहीं होती। इसीलिए तुलसीदास ने जब की शर्त रखी थी। लोक साहित्य शर्तहीन वाणी का उत्स होता है। उसके शब्द-स्वर, धुन और वस्तु सभी सीधे ह्रदय तक पहुँचते हैं। इसमें द्विधा भाव नहीं होता। लोक साहित्य लोक- सामान्य भूमिका का स्केल होता है। आधुनिक सभ्यता के दौर में लोक साहित्य से दूरी बनाने की कोशिश जितनी भी क्यों न की जाय परन्तु किसी भी वाक्ति, समूह, समुदाय या समाज का लोक साहित्य से पूरी तरह अलग हो जाना संभव नहीं क्योंकि लोक साहित्य वाक् दान का सबसे बड़ा निधान है।

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com